

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, रविवार 3 दिसंबर 2023 ■ मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष-6 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-244 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 4 दिसंबर 2023 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112

## रायपुर जिले में कांग्रेस का सूपड़ा साफ



### भाजपा कार्यालय में जश्न का माहौल

**रायपुर।** रुझानों में भाजपा को बढ़त मिलने के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह है. भाजपा कार्यालय में ढोल-नगाड़ों के साथ बीजेपी कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया। फटाके फोड़े गये तथा मिठाई बांटी गई है। यहां बृजमोहन अग्रवाल, सुनील सोनी समेत पार्टी कार्यकर्ता पहुंच गये थे। भाजपा जिला कार्यालय के ऑडिटोरियम में एक साथ बैठकर बीजेपी नेता नतीजे देख रहे थे। जिसमें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव, महामंत्री पवन साय समेत सैंकड़ों नेता मौजूद थे।

**साढ़े चार बजे तक भाजपा 55 सीट व कांग्रेस 35 सीट में आगे**

# छग,मप्र,राजस्थान में कमल का कमाल,तेलंगाना में पंजा

## सिंहदेव मोहन मरकाम,दीपक बैज, विजय बघेल,रविन्द्र चौबे,जयसिंह अग्रवाल सहित कई दिग्गज व मंत्री पीछे

रायपुर। पांच वर्षों तक सत्ता से बाहर रहने के बाद छत्तीसगढ़ में इस बार के विधानसभा चुनाव में भाजपा की वापसी हो गई है। इसी के साथ ही राजस्थान व मध्यप्रदेश में भी भाजपा की लहर चल गई है। तेलंगाना में कांग्रेस का पंजा मजबूत हो गया है। मिजोरम में मतगणना चार दिसम्बर को है। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव, मंत्री रविन्द्र चौबे, जयसिंह अग्रवाल, ताम्रध्वज साहू, अमरजीत भगत, मोहन मरकाम, मो. अकबर शिवकुमार डहरिया, गुरू रूद्र अपने प्रतिद्वंद्वियों से पीछे चल रहे थे जबकि अहिवारा में भाजपा के डोमनलाल कोर्सेवाड़ा,वैशाली नगर में रिकेश सेन, पाटन में कांग्रेस के भूपेश बघेल आगे चल रहे थे। जबकि दुर्ग ग्रामीण में भाजपा ललित चंद्राकर गृहमंत्री कांग्रेस के ताम्रध्वज साहू से आगे चल रहे थे। दुर्ग शहर में वर्तमान विधायक अरूण वोरा से भाजपा के गजेन्द्र यादव आगे थे। भिलाई नगर में कांग्रेस के देवेन्द्र यादव भाजपा के पूर्व मंत्री प्रेमप्रकाश पांडे से आगे चल रहे थे। खरसिया में उमेश पटेल 22 हजार से अधिक वोटों से आगे थे। डौंडी से मंत्री अनिला भेड़िया 23 हजार से वोटों से आगे थी। कवर्धा में भाजपा के विजय शर्मा कांग्रेस के प्रत्याशी एवं मंत्री मो. अकबर से 4 हजार से अधिक वोटों से आगे चल रहे थे। रामपुर में कांग्रेस की फूल सिंह राठिया आगे थे। कटघोरा में पुरुषोत्तम कंवर पीछे चल रहे थे। कसडोल में कांग्रेस के संदीप साहू ने बढ़त बना ली थी। धमतरी में कांग्रेस के ओंकार ने भाजपा की रंजना साहू से आगे निकल गये थे। कोतमा में भाजपा के दिलीप जायसवाल आगे चल रहे थे। जगदलपुर में भाजपा के किरणदेव सिंह 22 हजार वोटों से आगे थे। चित्रकोट में विनायक गोयल, कोंडागांव में भाजपा की लता उसेंडी जबकि बस्तर में कांग्रेस के लखेश्वर बघेल आगे चल रहे थे। बीजापुर में कांग्रेस के विक्रम शाह मंडावी चुनाव जीत गये हैं। रायपुर दक्षिण में बृजमोहन अग्रवाल 50 हजार से आगे चल रहे थे। राजेश मूणत 34 हजार वोटों से आगे थे।

### अबकी बार 75 पार, कांग्रेस की हो गई हार

रायपुर। कांग्रेस के 'भरोसे की सरकार' के नारे पर छत्तीसगढ़ की जनता ने भरोसा नहीं किया है। 'अबकी बार 75 पार' के विश्वास को मतदाताओं ने खत्म कर दिया है। जनता ने कांग्रेस को क्यों हराया यह राजनीतिक पंडितों तथा कांग्रेस के लिए बड़ी चिंता का विषय है। भूपेश बघेल ने किसानों के लिए बहुत काम किया है फिर भी ग्रामीण वोट तथा किसानों ने कांग्रेस को नकार दिया है। यह किसी भी राजनीतिक पार्टी के लिए गंभीर बात है। मतदाताओं के मन को टटोलना काफी कठिन काम है। तस्वीर साफ है कि प्रचार अभियान में भाजपा के केंद्रीय नेता कांग्रेस पर भारी पड़े हैं। मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी व प्रियंका गांधी का दौरा व भाषण लोगों को आकर्षित नहीं कर पाया। सनातन धर्म के प्रचार ने भाजपा के लिए ऑक्सीजन का काम किया है। वहीं कांग्रेस की जातीय जनगणना की योजना को मतदाताओं ने नकार दिया। महतारी वंदन योजना भाजपा के लिए चमत्कार साबित हुई है। भूपेश सरकार की नरवा, गरुवा, घुरुवा, बाड़ी तथा गोबर खरीदी योजना फ्लाप साबित हुई है। भूपेश सरकार के अधिकारियों का जिस तरह से जेल दाखिला हुआ है उससे भी कांगेस की छवि खराब हुई है। शराब घोटाला व ईडी के लगातार छापों ने भी कांग्रेस को नुकसान पहुंचाया है। कांग्रेसियों के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर हमले को भी लोगों ने पसंद नहीं किया है। मुख्यमंत्री पद को लेकर भूपेश बघेल व टीएस सिंहदेव में विवाद ने कांग्रेस को कमजोर किया है। सरगुजा व बस्तर जैसे इलाकों में भी कांग्रेस के घोषणा पत्र का जादू नहीं चल पाया। सही बात तो यह भी है कि पूरे चुनाव अभियान में भूपेश बघेल ने ही सर्वाधिक मेहनत की है। स्थानीय बड़े नेताओं का परिश्रम नजर नहीं आया। मंत्रियों का पूरे पांच वर्ष प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। इसके उलट भाजपा खामोशी से अपनी रणनीति पर काम करते हुए कार्यकर्ताओं को सक्रिय रखा।



### सनातन का श्राप कांग्रेस को ले डूबा : प्रमोद कृष्णम

**नई दिल्ली,3 दिसंबर।** कांग्रेस नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने विधानसभा चुनाव के नतीजे जारी होने पर अपनी ही पार्टी पर कटाक्ष किया, जिसमें सबसे पुरानी पार्टी मतगणना रुझानों के अनुसार काफी पीछे है और उन्होंने कहा कि सनातन धर्म का विरोध करने से पार्टी डूब गई है। एमपी, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के पिछड़ने पर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा, 'सनातन (धर्म) का विरोध करने से पार्टी डूब गई है। इस देश ने कभी भी जाति-आधारित राजनीति को स्वीकार नहीं किया है... यह सनातन (धर्म) का विरोध करने का अभिशाप है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि सनातन का श्राप इनको ले डूबा।

| मध्यप्रदेश | |
|---|---|
| भाजपा | 167 |
| कांग्रेस | 62 |
| **तेलंगाना** | |
| बीआरएस | 40 |
| कांग्रेस | 63 |
| भाजपा | 09 |
| अन्य | 07 |
| **राजस्थान** | |
| भाजपा | 116 |
| कांग्रेस | 68 |
| अन्य | 15 |

(शाम 5 बजे तक का रुझान)

### रमन सिंह,कवासी,राठिया को मिली जीत





रायपुर। पूर्व सीएम डॉ रमन सिंह और अभनपुर से इंद्रकुमार साहू को जीत मिली है. इसकी अधिकृत घोषणा होना बाकी है.रमन सिंह ने कांग्रेस के गिरीश देवांगन को 35 हजार से अधिक वोटों से तथा इंद्रकुमार कांग्रेस की धनेन्द्र साहू को हराया है। कांग्रेस के जीत का खाता धरमजायगढ़ से खुला है. कांग्रेस प्रत्याशी लालजीत सिंह राठिया 10 हजार वोटों से जीत दर्ज की. वहीं अब कोंटा विधानसभा में कड़ी टक्कर के बीच मंत्री कवासी लखमा ने जीत दर्ज कर ली है. पूरे 17 राउंड की गिनती में कवासी लखमा को 1930 वोट से जीत मिली है. इसकी अधिकृत घोषणा होना बाकी है.

### जशपुर की तीनों सीटों पर भाजपा का कब्जा

जशपुर में भाजपा प्रत्याशी रायमुनी भगत ने कांग्रेस प्रत्याशी विनय कुमार भगत को 20 हजार हजार वोट से हराया है. वहीं कुनकुरी में





विष्णुदेव साय भाजपा ने यूडी मिंज कांग्रेस को भी 20 हजार से अधिक मतों से मात दी है. पत्थलगांव में रामपुकार सिंह कांग्रेस को गोमती साय भाजपा ने 600 वोटों से हराया है.

### रायपुर जिले की सभी 7 सीटों में भाजपा

रायपुर जिले में कांग्रेस की करारी हार हुई है. भाजपा ने सभी 7 सीटों में कांग्रेस का सूपड़ा साफ किया है. रायपुर उत्तर, दक्षिण, पश्चिण्म, रायपुर









ग्रामीण, धरसींवा, अभनपुर, आरंग में भाजपा ने जीत हासिल की है. रायपुर उत्तर से कांग्रेस के कुलदीप जुनेजा भाजपा के पुरंदर मिश्रा से चुनाव हार गये हैं। वहीं रायपुर दक्षिण से वर्तमान विधायक व पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल आठवीं बार चुनाव जीत गये हैं। उन्होंने कांग्रेस के महंत रामसुंदर दास को हराया है। रायपुर पश्चिम में वर्तमान विधायक कांग्रेस के विकास उपाध्याय को पूर्व मंत्री राजेश मूणत ने पराजित कर दिया है। रायपुर ग्रामीण में पूर्व मंत्री वर्तमान विधायक सत्यनारायण शर्मा के पुत्र कांग्रेस के पंकज शर्मा भाजपा के मोतीलाल साहू चुनाव हार गये हैं। धरसींवा में पूर्व राज्यसभा सदस्य छाया वर्मा भाजपा के अनुज शर्मा से 40 हजार से वोटों से चुनाव हार गयीं है जबकि अभनपुर में वर्तमान विधायक धनेन्द्र साहू को भाजपा के इंद्रकुमार साहू ने हरा दिया है। आरंग में मंत्री शिवकुमार डहरिया से भाजपा के खुशवंत साहब चुनाव जीत गये हैं। लुंड्रा में भाजपा के प्रबोद मिंज चुनाव जीत गये हैं।

### जनता ने किया भूपेश का चेहरा रिजेक्ट: रमन

**रायपुर।** विधानसभा चुनाव के नतीजों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने कहा है कि छत्तीसगढ़ की जनता ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के चेहरे को रिजेक्ट कर दिया है। प्रदेश ने भाजपा पर भरोसा जताया है। डॉ. सिंह ने कहा है कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार के खिलाफ अंडर करंट चल रहा था। कोयला घोटाला, शराब, खनिज, पीएससी घोटाला, महादेव एप के साथ ही कांग्रेस सरकार कई अन्य घोटालों में डूबी रही। इसको लेकर जनता में आक्रोश था। जनता ने भाजपा के घोषणा पर यकीन किया है। भाजपा जो कहती है वह करती है। रमन सिंह ने कहा कि यह चुनाव भाजपा ने सामूहिक नेतृत्व में लड़ा गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जो विश्वास दिलाया यह उसकी जीत है। पार्टी कार्यकर्ताओं ने यह चुनाव जीता है।

#### भ्रष्टाचार की हार : साव



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने कहा कि कांग्रेस के प्रति जनता में आक्रोश था। कांग्रेस सरकार ने प्रदेश का खजाना लूटा है। छग में जनता ने भ्रष्टाचार को हराया है।

### भाजपा में अब सीएम पद की दौड़ शुरू

**रायपुर।** पांच वर्ष के विश्राम के बाद भाजपा इस बार फिर सत्ता में काबिज हो रही है। सरकार तो भाजपा की ही बनेगी लेकिन किसके नेतृत्व में बनेगी यानी मुख्यमंत्री कौन होगा यह अभी भविष्य के गर्भ में है। इतना जरूर है कि भाजपा में मुख्यमंत्री को लेकर हलचल तेज हो गई है। मुख्यमंत्री पद के दावेदार सक्रिय हो गए हैं। जैसे की भाजपा के अंदरखाने से जानकारी मिल रही है उसके अनुसार मुख्यमंत्री पद की दौड़ में सबसे आगे डॉ. रमन सिंह हैं। उन्होंने राजनांदगांव सीट से चुनाव जीता है। डॉ. रमन सिंह पूर्व में लगातार 15 वर्षों वर्षों तक मुख्यमंत्री रहे हैं। वे केंद्रीय राज्य मंत्री तथा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष रह चुके हैं। वर्तमान में पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं। यदि आदिवासी कोटे से सीएम बनाने की बात आई तो रामविचार नेताम दावेदार के रूप में उभरे हैं। वे रमन सरकार में मंत्री रहे हैं। वैसे पिछड़ा वर्ग से ओपी चौधरी का नाम जोरों से उभरा है। व आईएएस है। रायपुर के कलेक्टर रह चुके हैं। वे युवा चेहरे हैं। उनका शानदार विजन है। उनकी सोच नई है। कलेक्टर रहते हुए भी उन्होंने विकास कार्यों को नई दिशा दी थी। चूंकि चौधरी नए चेहरे हैं तथा पहली बार विधायक बने हैं इस कारण मुख्यमंत्री पद के लिए उनके नाम पर सर्वसम्मति बनने की उम्मीद कम है। मुख्यमंत्री पद के लिए राज्य के दिग्गज व लोकप्रिय नेता बृजमोहन अग्रवाल को विधायकों का पूरा समर्थन मिल सकता है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के रूप में अरुण साव की स्वाभाविक दावेदारी है। भाजपा के वरिष्ठ नेता विष्णुदेव साय का नाम भी इस दौड़ में शामिल है।

## एक नजर

### स्कूल से घर जा रही छात्रा से हैवानियत पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा

**बलरामपुर,3 दिसंबर।** जिले में स्कूली बच्ची के साथ हैवानियत का मामला सामने आया है. स्कूल से घर जा रही छात्रा से आरोपी ने दुष्कर्म किया था. मामले की शिकायत मिलते ही पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है. यह मामला रघुनाथनगर थाना क्षेत्र का है. मामले में वाड्रफनगर एसडीओपी रामवतार ध्रुव ने खुलासा करते हुए बताया कि रघुनाथनगर थाना क्षेत्र में थाने को कल शाम शिकायत मिली थी कि स्कूल से घर आ रही तीन नाबालिग बच्चियों का एक युवक रास्ता रोक लिया और एक मासूम को पकड़ लिया. वहीं अन्य बच्चियों को वहां से भगा दिया. उसके बाद आरोपी पास के अरहर की खड़ी फसल की आड़ में ले जाकर बच्ची से दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है.

घटना की शिकायत पर पुलिस ने तत्काल आरोपी की पतासाजी की और घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया है. आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट और दुष्कर्म समेत अन्य धाराओं में कार्रवाई करते हुए न्यायालय पेस कर जेल भेज दिया है।

### हाथियों के डर से आठ घंटे जंगल के बीच झाड़ियों में दुबका रहा ग्रामीण

**कोरबा, 3 दिसम्बर।** कटघोरा वन मंडल के ग्राम गुरसियां में धान मिसाई कर शाम छह बजे घर वापस लौट चार ग्रामीणों का सामना 18 हाथियों के साथ हो गया। चारों डर के मारे भागने लगे। तीन ग्रामीण घर वापस लौट गए लेकिन एक ने जंगल के बीच झाड़ियों में शरण ले ली। आठ घंटे तक वह झाड़ियों में दुबका रहा। हाथियों को जगह से खदेड़ने के बाद वन कर्मियों ने रेस्क्यू कर ग्रामीण को बाहर निकाला। जंगली हाथियों का उत्पात थमने का नाम नहीं ले रहा है। खेतों में धान कटाई के बाद खलिहानों में रखे धान के आसपास मंडराने लगे है। गुरसियां निवासी प्यारे सिंह ने धान मिसाई के लिए करमन सिंह बांधापारा, राजकुमार गुरसियां, चंद्रभान और सरमिहा बिंझावार सेंद्रीमुड़ा को अपने घर बुलाया था। सुबह से शाम तक धान मिसाई का चलता रहा। काम पूरा होने के बाद चारों मजदूर घर वापस लौट रहे थे। वे सभी उमेंद सिंह के खेत के पास पहंचे ही थे कि 18 हाथी सामने से आते दिखाई दिए। हाथियों के दल को अचानक सामने पाकर चारों सिर पर पांव रखकर भागने लगे। करमन,राजकुमार व चंद्रभान ग्राम सेंद्रीमुड़ा की ओर भागे। वहीं सरमिहा बिंझवार 65 वर्ष जंगल की ओर भागा और झाड़ियों के बीच दुबक गया। देर रात तक सरमिहा के वापस नहीं लौटने पर उसके घर में कोहराम मच गया। लोगों को शंका होने लगी कि कहीं सरमिहा हाथी के चुंगल में तो नहीं फंस गया। मामले की सूचना ग्रामीणों ने वनपाल गुरबारी बाई को दी। उन्होने इसकी सूचना अपने साथी वन कर्मियों को दी। टीम के साथ पहुंचे वन कर्मियों ने पहले हाथियों दूसरी ओर खदेड़ा। कर्मियों ने सरमिहा के नाम से आवाज देना शुरू किया।

### जल विद्युत प्लांट में घुसे दो जंगली सूअर

**कोरबा, 3 दिसम्बर।** बांगो परियोजना माचाडोली जल विद्युत प्लांट परिसर में तैनात सुरक्षा कर्मियों में सुबह तब हड़कंप मच गया जब दो जंगली सूअर भटक कर परिसर में घुस गए। बाहर निकलने का मार्ग नहीं पाने के कारण दोनों वन्य जीव इधर उधर भागने लगे। इसकी सूचना वन अमले को दी गई। विभागीय टीम ने रेस्क्यू कर सूअरों को जंगल की ओर खदेड़ा। वन्य जीवों के जंगल में भटककर रहवासी क्षेत्र में आने की घटना आए दिन घटित होते रहती है। इस कड़ी में में कटघोरा वन मंडल के एतमानगर रेंज के ग्राम माचाडोली विद्युत प्लांट में दो जंगली सूअर घुस गए। दरअसल प्लांट का परिसर सघन पेड़ों से भरा पड़ा है। आसपास गांवों के लोगों ने मूंगफली और शकरकंद की खेती की हैं। जमीन के भीतर लगे फसल को चट करने में सूअर माहिर होते हैं। माना जा रहा है कि रात के समय भूख मिटाने के लिए खेत पहुंचे थे और वापसी के समय भटक कर प्लांट के भीतर चले गए। प्लांट के अंदर सूअर आने की जानकारी के बाद भय के कारण सभी सुरक्षा कर्मी कमरों में छुप गए। घटना की सूचना मिलते ही डीएफओ कुमार निशांत ने वन कर्मियों को माचाडोली प्लांट भेजा।

### धान बेचने की फिराक में पकड़ाया व्यापारी

**बिलासपुर,3 दिसंबर।** जिले में खाद्य विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई की है. किसानों का धान बेचने के प्रयास में एक व्यापारी को पकड़ा गया है. उसके पास से 3 किसानों के टोकन और 225 कट्टा अवैध धान जब्त किया गया है. व्यापारी केंदा सेवा सहकारी समिति में धान बेचने के प्रयास में था.कलेक्टर अवनीश शरण ने धान खरीदी व्यवस्था की मॉनिटरिंग करने के सख्त निर्देश खाद्य विभाग को दिए है. निर्देशों का पालन करते हुए खाद्य विभाग द्वारा इस पर पैनी निगाह रखी जा रही है. इसी कड़ी में केंदा सेवा सहकारी समिति में 3 किसानों की पर्ची पर धान बेचने का प्रयास करते हुए एक व्यापारी से 225 कट्टा अवैध धान जब्त किया गया है. सिलपहरी के किसान कृपाल सिंह और विजय कुमार, इसी प्रकार बरपाली के किसान रामसिंह का धान बेचने 1 दिसम्बर को केंदा समिति से पर्ची काटी गई थी।

# सरकार ने दिया आबंटन, आरईएस ने एक साल में भी नहीं किया काम पूरा

- ब्लड बैंक की कमी के कारण मरीजों को हर दिन करना पड़ रहा लंबा सफर तय

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**पत्थलगांव 3 दिसंबर।** सिविल हॉस्पिटल मे मदर ब्लड बैंक की आवश्यकता को देखकर राज्य सरकार ने सिविल हॉस्पिटल के अंदर ब्लड बैंक बनाने के लिए दस लाख रूपये की भारी भरकम राशि का आबंटन स्वीकृत किया था,परंतु शासकीय विभाग मे चलने वाली लापरवाही के कारण आर.ई.एस.विभाग ने एक साल मे भी सिविल हॉस्पिटल के अंदर ब्लड बैंक का निर्माण नही कराया। लिहाजा अब हर दिन रक्त के जरूरतमंद मरीजो को 110 किलोमीटर का सफर तय कर जिला मदरबोर्ड तक जाना पड रहा है,जहा की लापरवाही भी किसी से छुपी नही है। हर माह सैकडो यूनिट दान का ब्लड मिलने के बाद भी मदरबोर्ड मे जरूरत के समय मरीजो को ब्लड नही मिल पाता। मरीजो मे इस अव्यवस्था को लेकर मौजुदा प्रशासन के खिलाफ काफी आक्रोश है,मरीजो ने सिविल हॉस्पिटल प्रबंधक पर भी लापरवाही का आरोप लगाया है,उनका कहना है कि प्रबंधक की लापरवाही के कारण आज तक सिविल हॉस्पिटल के अंदर जरूरत की चीज का निर्माण नही हो पाया। दरअसल क्षेत्र मे सिकलसेल जैसी गंभीर बिमारी से अनेक बच्चे पीडित है,हर समय उन्हे ब्लड की आवश्यकता पडती है,परंतु 100 बिस्तरो वाले शहर के सिविल हॉस्पिटल मे वर्ष 2011 के दौरान से मात् ब्लड स्टोरेज का ही निर्माण हो पाया है। ब्लड की कमी के कारण हर वर्ष अनेक मरीज असमय ही जान गंवा रहे है,शहर के समाजसेवियों के अलावा युवाओ के एक बडे वर्ग ने भी ब्लड बैंक की मांग अनेक बार उठायी है। हालांकि प्रबंधक द्वारा ब्लड बैंक की मांग की गयी,परंतु उनके द्वारा राशि मिलने के बाद अपनी रूचि नही दिखायी। यही कारण है कि एक के बाद एक लापरवाही के कारण मरीजो को असुविधा के साथ-साथ जान भी गंवानी पडी।। 150 यूनिट की खपत-:ब्लड स्टोरेज प्रभारी बी.डब्लू शर्मा से जब ब्लड की मांग एवं जरूरत की बात की गयी तो उन्होने जो तथ्य सामने लाये वह काफी चौकाने वाले थे,उन्होने बताया कि सिविल हॉस्पिटल मे हर रोज लगभग 5 मरीजो को 5 यूनिट ब्लड की आवश्यकता पडती है,उनका कहना था कि ओ और बी पॉजीटिव ब्लड की सबसे अधिक मांग है,परंतु उनके पास मांग के अनुरूप ब्लड रखने की सुविधा नही है। उन्होने बताया कि ब्लड स्टोरेज मे मात् 50 यूनिट ही ब्लड रखा जा सकता है,ब्लड की कमी होने पर मरीजो को जशपुर भेज दिया जाता है जहा उन्हे काफी असुविधा का सामना करना पडता है,अनेक बार मरीज वहा से भी बैरंग लौट आते है,जिसके कारण समय-समय पर मरीजो को असुविधा का खामियाजा जान देकर भी चुकाना पडता है।।

**एक साल में एक कक्ष नहीं हुआ तैयार-:**10 लाख की लागत से सिविल हॉस्पिटल मे ब्लड बैंक के लिए सर्वसुविधा युक्त आठ कमरो का निर्माण करना था,जिसमे उपकरण कक्ष,ब्लड डोनेट कक्ष,डोनर आराम कक्ष,जांच कक्ष,प्रभारी कक्ष,स्टॉफ कक्ष के अलावा बॉयो केमेस्ट्री कक्ष का निर्माण करना था,परंतु इसे जांच ही सामने ला सकती है कि दस लाख रूपये मिलने के बाद भी आर.ई.एस.विभाग ने एक साल का लंबा समय बीता कर सिविल हॉस्पिटल के भीतर आठ मे एक कक्ष का भी निर्माण नही करा पाये,जिसके कारण ब्लड से जुडे मरीजो का गुस्सा एवं उनका आरोप प्रत्यारोप लगाना सार्थक है।

# राजीव दीक्षित की जयंती पर स्वदेशी चिंतन संगोष्ठी का आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 3 दिसंबर।** स्वदेशी के प्रेरणा और आजादी बचाओ आंदोलन के संस्थापक राजीव भाई दीक्षित की जयंती एवं बलिदान दिवस पर माँ पंचगव्य चिकित्सा एवं गौरक्षा अनुसंधान केन्द्र महामाया चौक बसंतपुर राजनांदगांव में स्वदेशी चिंतन संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राजीव भाई के जीवन पर आधारित ड्राक्युमेन्ट्री एवं उनके व्याख्यानों का भी श्रवण किया गया। इस अवसर पर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। संगोष्ठी में उपस्थित सभी अतिथियों ने अपने विचार व्यक्त किए और भारत की वर्तमान समस्याओं के समाधान पर गहन चिंतन किया गया। कार्यक्रम में बताया गया कि राजीव भाई दीक्षित की जयंती एवं बलिदान दिवस को स्वदेशी दिवस के रूप में पूरे देश में मनाया जाता है। उन्होंने अपना पूरा जीवन राष्ट्र को समर्पित कर दिया और पूरे भारत का भ्रमण कर स्वदेशी के प्रति जन जागृति जगाते रहे। संगोष्ठी में जैविक कृषि, स्वदेशी अर्थव्यवस्था, आयुर्वेद, गुरूकुलीय शिक्षा जैसे विभिन्न विषयों विचार विमर्श किया गया। साथ ही आगे की कार्य योजना पर भी चिंतन किया गया। कार्यक्रम में सभी ने राजीव भाई के बताएं रास्ते पर चलने और अधिक से अधिक स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर स्वदेशी जागरण मंच से राजकुमार शर्मा, समाजसेवी राधेश्याम गुप्ता, वरिष्ठ कार्यकर्ता राकेश सोनी, धीरज द्विवेदी, प्रमोद कश्यप, हार्दिक कोटक, आभा श्रीवास्तव, किशोर साहू, प्रज्ञानंद मौर्य, मनोज शुक्ला, सुदर्शन मानिकपुरी, घनसु साहू, सूर्यकांत चन्द्राकर, पुरूषोत्तम देवांगन, हेमंत देवांगन, मनोज कश्यप, टीकम पटेल, धर्मेन्द्र साहू सहित अन्य गणमान्य जन उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन आनंद श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

उल्लेखनीय है कि आजादी बचाओ आंदोलन के संस्थापक, भारत स्वाभिमान ट्रस्ट के राष्ट्रीय महासचिव एवं स्वदेशी के प्रखर प्रवक्ता श्री राजीव दीक्षित का जन्म 30 नवम्बर 1967 को उत्तर प्रदेश में हुआ था। वे अपने करोड़ प्रशंसकों के बीच आज भी राजीव भाई के नाम से जाने जाते है। यह बहुत ही संयोग की बात है कि उनके जन्मदिन 30 नवम्बर 2010 को छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान भिलाई दुर्ग में उनकी आकस्मिक मृत्यु हो गई थी।

## बैठक में प्रदेश के सभी जिला इकाइयों का पुनर्गठन



**रायपुर 3 दिसंबर।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि आज कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी जी अध्यक्षयता में कैट के प्रदेश कार्यालय कैट एवं युवा पदाधिकारियों की बैठक हुई। कन्फ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष श्री जितेन्द्र दोशी ने बताया की आगामी 19 दिसम्बर को कैट के प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक एवं दीपावली मिलन समारोह का अयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम की रूपरेखा की तैयारी कर सभी पदाधिकारियों को कार्य का आंबटन किया गया। कैट और वैश्विक कंपनी मेटा के स्वामित्व वाले व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम एवं फेसबुक द्वारा स्थानीय व्यापारियों को डिजिटल रूप से प्रशिक्षित हाइपर-स्थानीय डिजिटल प्रशिक्षण के साथ व्यवसायों के लिए विकास के अवसरों को उजागर करने के लिए डिजिटलीकरण प्रयासों को अंतिम व्यापारी तक पहुँचाना है। डिजिटल और कौशल प्रशिक्षण प्रदान करना हैं। सायबर क्राइम कार्यशाला का आयोजन किया जाना है। छोटे व्यापारियों के लिए गुमाशता बनाने हेतु शिविर लगाया जायेगा। एमएसएमई पर कार्यशाला का अयोजन किया जायेगा। तथा प्रधानमंत्री मुद्रा लोन शिविर लगाया जायेगा। प्रदेश स्तरीय जीएसटी कार्यशाला का आयोजन जायेगा। जिसमें माननीया श्रीमती निर्मला सीतारमण जी, केन्द्रीय वित्त मंत्री, को आंमत्रित किया जायेगा। आने वाले समय में प्रदेश के सभी जिला ईकाइयों का पुर्नगठन एवं विभिन्न विभागों के लिए समिति गठन पर सहमति बनी। अमर पारवानी, जितेन्द्र दोशी, विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, अजय अग्रवाल, अवनीत सिंह, विजय पटेल, कैलाश खेमानी, सुनील धुप्पड, महेन्द्र कुमार बागरोडिया, सूरज उपाध्याय, प्रीतपाल सिंह बग्गा, महेश जेठानी, मोहन वर्ल्यानी, नागेन्द्र कुमार तिवारी, विक्रांत राठौर, परविन्द्रर सिंह, अमीत गुप्ता, मनीष कुमार सोनी, गुरूदीप सिंह आनन्द एवं अमित प्रजापति आदि।

# आगामी वित्तीय वर्ष में छत्तीसगढ़ में 6,300 मेगावाट तक बढ़ेगी बिजली की खपत

**कोरबा, 3 दिसम्बर।** केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग ने आगामी वित्तीय वर्ष में छत्तीसगढ़ में बिजली की खपत 6,300 मेगावाट तक पहुंचने का पूर्वानुमान लगाया है। तीन साल में पीक अवधि के दौरान बिजली की मांग में 958 मेगावाट की वृद्धि हुई है, यानी इस अवधि में करीब 19 प्रतिशत बिजली की मांग राज्य में बढ़ी है। घरेलू मांग के अलावा बिजली की खपत उद्योगों और खेती-किसानी में है।

अधिकारिक जानकारी के अनुसार राज्य में चालू वित्तीय वर्ष में अप्रैल से अक्टूबर के बीच पीक अवर्स (शाम छह से रात नौ बजे तक) में बिजली की औसतन मांग 5,836 मेगावाट रही। जबकि वर्ष 2022-23 की समान अवधि में मांग 5,339 मेगावाट रही। इसके पहले वर्ष 2021-22 में औसतन मांग 4,878 मेगावाट दर्ज की गई थी। छत्तीसगढ़ राज्य की जनसंख्या लगभग तीन करोड़ है। बीते तीन वर्ष के आंकड़े बता रहे हैं कि अधिकतम मांग अवधि यानी पीक पीरियड के दौरान विद्युत की खपत तेजी से बढ़ रही है। राज्य में बिजली की बढ़ती मांग की सबसे बड़ी वजह औद्योगिक और खेती की प्रगति है।

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी के संयंत्रों से 2,980 मेगावाट बिजली पैदा होती है। राज्य को जरूरत की शेष बिजली केंद्रीय कोटे से मिलती है। आवश्यकता पड़ने पर बिजली सेंट्रल पूल से ओवरड्राल भी की जाती है। कंपनी को बिजली उत्पादन बढ़ाना होगा, नहीं तो अन्य राज्यों की बिजली पर निर्भरता बढ़ती जाएगी। राज्य सरकार ने पांच अलग- अलग जिलों में लगभग 7,700 मेगावाट पन बिजली बनाने के लिए प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार कर लिया है। इसके अलावा 1320 मेगावाट थर्मल पावर प्रोजेक्ट कोरबा पश्चिम में शिलान्यास भी किया जा चुका है। मड़वा प्रोजेक्ट में भी 1320 मेगावाट क्षमता का एक ओर विद्युत संयंत्र स्थापित करने की संभावना तलाशी जा रही है। इन प्रोजक्टों को अस्तित्व में आने में पांच से अधिक समय लगेगा। इस बीच विद्युत कंपनी को अन्य राज्यों से बिजली खरीदने का अनुबंध करनी होगी। पंजाब से 200 मेगावाट का एक्सचेंज अनुबंध किया गया है। इसके अलावा सिक्किम व मिजोरम से भी बिजली खरीदने की पहल की गई है।

छत्तीसगढ़ में राज्य सरकार के अलावा केंद्र और निजी क्षेत्र के विद्युत संयंत्र प्रचालन में हैं। चालू वित्तीय वर्ष के दौरान अप्रैल से अक्टूबर के बीच राज्य में कुल 94,332.56 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन दर्ज किया गया। इसमें राज्य सरकार के संयंत्रों से 12,329.95 मिलियन यूनिट बिजली पैदा हुई। केंद्र सरकार के संयंत्रों यानी एनटीपीसी से 33,630.81 मिलियन यूनिट बिजली का उत्पादन हुआ। जबकि निजी संयंत्रों से 48,371.79 मिलियन यूनिट बिजली का प्रोडक्शन दर्ज किया गया गया। एक ओर जहां पीक पीरियड में छत्तीसगढ़ में बिजली की मांग बढ़ी है वहीं समकक्ष या कुछ बड़े राज्यों में बिजली की मांग घटी है।

# गुजरात के डांग में डायन प्रताड़ना के 145 मामले

- जादू टोना का अस्तित्व नहीं, कोई नारी डायन नहीं : दिनेश मिश्र



**रायपुर 3 दिसंबर।** अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति के अध्यक्ष डॉ.दिनेश मिश्र ने कहा गुजरात के डांग जिले से पिछले 10 वर्षों में 145 महिलाओं को जादू टोना करने,डायन के शक में प्रताड़ित करने की जानकारी सामने आई है 21वी सदी में प्रकार की घटनाएं अत्यंत शर्मनाक हैं

डॉ दिनेश मिश्र ने कहा जानकारी मिली है कि डायन के संदेह में प्रताडित महिलाओं की उम्र ,30से , 70वर्ष की है , इनमे से 60प्रतिशत महिलाएं विधवा हैं. सामाजिक प्रताडना के कारण हत्या, आत्महत्या, बहिष्कार का सामना करना पड़ा .उन बेबस महिलाओं को उनके परिजनों परिजनो से भी सहयोग नहीं मिला बल्कि उन्हें उपेक्षा व तिरस्कार सहना पड़ा. इनमें से कुछ महिलाओं ने पुलिस में शिकायत भी की है. जादू टोने से बीमार करने, दुर्भाग्य, अपशकुन जैसे गैर तार्किक बातों को आधार बना कर प्रताड़ित ये महिलाएं बिना किसी दोष के कलंक झेलने को मजबूर हैं.अंधविश्वास के कारण ऐसी घटनाएं अक्सर देश भर से सामने आती हैं.

डॉ. दिनेश मिश्र ने कहा यह 145मामले तो सिर्फ सिर्फ सूरत डांग के ही हैं.यदि पूरे गुजरात राज्य की घटनाओं की जानकारी ली जाएगी तो ऐसे मामलों की संख्या हजारों में निकलेगी .इस मामले पर आर टी आई लगा कर पूरे प्रदेष के मामलों की जानकारी जुटाई जा रही है और जनजागरण अभियान चलाया जायेगा

डॉ दिनेश मिश्र ने कहा गुजरात सरकार को डायन प्रताड़ना के विरोध में एक सक्षम कानून बनाना चाहिए. ताकि मामलों की वास्तविक जानकारी भी हो , दोषियों को सजा मिले तथा प्रताड़ितों को न्याय भी मिल सके।

## ओटिस इंडिया ने एलिवेटर्स की जेन 3 नोवा रेंज ऑर्डर करने के लिए ऑनलाइन बुकिंग शुरू की

**रायपुर 3 दिसंबर।** भारत में बिल्डिंग के मालिक या फैसिलिटी मैनेजर्स अब ओटिस इंडिया के ई-कॉमर्स पोर्टल से डिजिटली कनेक्टेड जेन3 नोवा एलिवेटर को ऑनलाइन खरीद सकते हैं। ओटिस इंडिया ओटिस वर्ल्डवाइड कॉरपोरेशन की सहायक कंपनी है। गौरतलब है कि ओटिस वर्ल्डवाइड कॉरपोरेशन एलिवेटर और एस्केलेटर के निर्माण, इंस्टॉलेशन और सर्विस के क्षेत्र में दुनिया की मशहूर कंपनी है। 2021 में प्रारंभिक तौर पर एलिवेटर्स की जेन 20 प्राइम रेंज के साथ लॉन्च किया गया पोर्टल //onlinebooking.otis.com पर उपलब्ध है। उपभोक्ताओं ने इसकी सुविधा और पारदर्शिता को देखते हुए इसे काफी तेजी से अपनाया है। अब जेन 3 नोवा रेज सीधी बिक्री के लिए पोर्टल पर उपलब्ध है। ओटिस इंडिया के प्रेसिडेंट सेबी जोसेफ ने कहा, ÷हम एलिवेटर्स की डायरेक्ट सेल के लिए अपने ई-कामर्स पोर्टल पर जेन3 नोवा रेंज को शामिल कर काफी उत्साहित हैं। जेन 3 एलिवेटर्स ओटिस वनङ्ग आईओटी सिस्टम से पावर्ड हैं और उपभोक्ताओं को कई फायदे प्रदान करते हैं। ऑनलाइन बुकिंग की यह पहल अपने उपभोक्ताओं को सुविधाजनक और प्रभावी सोल्यूशंस प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता का सबूत है। हमारा विश्वास है कि इस डिजिटल सफर में उपभोक्ताओं को बेहद अच्छी क्वॉलिटी के एलिवेटर्स मिलेंगे और ओटिस के साथ उनका संपूर्ण अनुभव और बेहतर होगा।'' डिजिटल खूबियों से लैस ओटिस जेन3 प्लेटफॉर्म में ओटिस वन डिजिटल आईओटी प्लेटफॉर्म के साथ सबसे ज्यादा बिकने वाले जेन 2 एलिवेटर्स का जांचा-परखा डिजाइन भी शामिल किया गया है। जेन 3 एलिवेटर्स में एक कॉम्पैक्ट मशीन, सुविधाजनक राइड के लिए कोटेड स्टील बेल्ट और ऊर्जा बचाने वाली रीजेन ड्राइवङ्ग शामिल रहती है, जो ऊर्जा को संरक्षित रखती है। इसके अभाव में ये ऊर्जा नष्ट हो सकती है और ऐसी इलेक्ट्रिसिटी में बदल जाती है, जिसे दूसरे बिल्डिंग सिस्टम इस्तेमाल करते हैं। ओटिस वन सातों दिन 24 घंटे वास्तविक समय में सेहत और परफॉर्मेंस की भी निगरानी करता है।

## पीजी कॉलेज कुरूद में मनाया गया विश्व एड्स दिवस

**रायपुर, 3 दिसंबर।** कुरूद स्थित संत गुरु घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं रेड रिबन क्लब तत्वाधान में 1 दिसंबर को विश्व एड्स दिवस का आयोजन रायपुर एम्स से पधारे चिकित्सकों की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता विमलेश तिवारी ने छात्र- छात्राओं को एड्स के कारण , लक्षण तथा उससे बचने के उपाय के बारे में विस्तारपूर्वक बताया, साथ ही डॉ. आकाश और डॉ. अश्विन ने भी एड्स से संबंधित जानकारी छात्र -छात्राओं को दी। छात्र -छात्राओं के द्वारा एचआईवी. एड्स से संबंधित ढेर सारे प्रश्न डॉक्टर्स को पूछे गए साथ ही डॉक्टर्स के द्वारा भी कार्यक्रम के अंत में छात्र -छात्राओं से प्रश्न पूछे गए जिसका उत्तर बीएससी. की छात्रा चंचल चंद्राकर ने बहुत ही अच्छे तरीके से दिया।

प्राचार्य डॉ. डी. के. राठौर ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बताया कि हमारे देश में एड्स पीड़ितो की संख्या कुल जनसंख्या का मात्र 0.31 त्न है और हमारा कर्तव्य है कि लोंगो को और अधिक जागरूक करके एड्स को फैलने से रोकें और साथ ही ये भी कहा कि जानकारी ही बचाव है द्य राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी विजय कुमार ने बताया कि धमतरी जिले में अभी तक कुल 372 एचआईवी संक्रमित पाये गए हैं जिसमें सें सवा सौ लोगों की मृत्यु एड्स से हो चुकी है , एड्स एक गंभीर बीमारी है जिसके बचना बेहद जरूरी हैद्य

महाविद्यालय में इस अवसर पर रंगोली, भाषण , पोस्टर एवं निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के प्राणीशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष हितनारायण टण्डन नें किया द्य धन्यवाद ज्ञापन रेड रिबन क्लब इकाई 02 के कार्यक्रम अधिकारी सुश्री रेणु पाटले नें किया। इस अवसर पर स्वयंसेवक मोजेश साहू , देवव्रत साहू , तुलेश्वरी, केशव ध्रुव , भूपेंद्र, सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राए उपस्थिति रहे।

## राजभवन में मनाया गया असम एवं नागालैंड राज्यों का स्थापना दिवस



**रायपुर, 3 दिसंबर।** राजभवन में आज असम और नागालैंड राज्यों का स्थापना दिवस रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मनाया गया। राज्यपाल श्री विश्वभूषण हरिचंदन ने इस अवसर पर कहा कि हमारे देश के विभिन्न क्षेत्रों में अलग-अलग संस्कृति एवं परंपराए है। इनमे विविधता होते भी हम एक हैं और दुनिया को ''वसुधैव कुटुम्बकम्'' का संदेश दे रहे है।

केन्द्र सरकार के ÷एक भारत-श्रेष्ठ भारत÷ कार्यक्रम के तहत विविधता में एकता की भावना को बढ़ावा देने के लिए सभी राज्य एक दूसरे का स्थापना दिवस मनाते है। इसी कड़ी में राजभवन में असम एवं नागालैंड राज्यों का स्थापना दिवस मनाया गया। राज्यपाल ने स्थापना दिवस के अवसर पर इन राज्यों के लोगों को बधाई दी।

राज्यपाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि इन दो अद्भुत राज्यों के स्थापना दिवस के अवसर पर, हमारे लिए उनके समृद्ध इतिहास, अद्भुत संस्कृति और उनकी आशाओं और सपनों के बारे में अधिक जानना महत्वपूर्ण है। उन्होंने असम और नागालैंड राज्य की विशेषताओं को रेखांकित किया। असम अपने विविध वन्य जीव और सुंदर ब्रह्मपुत्र नदी, विश्व प्रसिद्ध शक्तिपीठ कामाख्या देवी मंदिर, कांजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान आदि के लिए जाना जाता है। यह राज्य विविध संस्कृतियों का मिलन स्थल है। इसकी एक समृद्ध सांस्कृतिक विरासत भी है जिसमें संगीत, नृत्य, कला और साहित्य शामिल हैं। यहां के चाय की स्फूर्तिदायक खुशबू पूरी दुनिया में फैली है।

श्री हरिचंदन ने कहा कि खूबसूरत पहाड़ों के बीच बसे नागालैंड को पूर्व का स्विट्जरलैंड कहा जाता है। जीवंत रंगों और बहादुरी की कहानियों से भरे इस राज्य में जीवन का जश्न मनाने का मन करता है। नागालैंड कई जनजातियों का राज्य है, जिनमें से प्रत्येक की अपनी अनूठी संस्कृति और परंपराएं हैं। नागा लोगों की ताकत और दृढ़ संकल्प उनकी एकता और सरलता में देखी जा सकती है।

श्री हरिचंदन ने आगे कहा कि असम और नागालैंड अलग-अलग संस्कृति और अतीत वाले दो राज्य हैं। लेकिन दोनों राज्यों के निवासी प्रगति और विकास की समान रूप से आकांक्षा रखते है। इस स्थापना दिवस का जश्न हमारे राष्ट्र के प्रति उनके द्वारा किए गए महत्वपूर्ण योगदान को याद करने का भी एक अवसर है।

कार्यक्रम में असम राज्य के प्रतिनिधि के रूप में श्री रफिकुल मंडल और नागालैंड की प्रतिनिधि श्रीमती रंजना दास ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर असम के बिहु नृत्य सहित दोनों राज्यों के लोकनृत्यों की रंगारंग प्रस्तुति विभिन्न विश्वविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने की। सीआरपीएफ के असमिया जवानों ने बिहु नृत्य कर सभी अतिथियों को भाव विभोर कर दिया। दोनों राज्य के प्रतिनिधियों को राज्यपाल ने राज गमछा पहनाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने भी राज्यपाल को शाल पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन राजभवन के उप सचिव श्री दीपक अग्रवाल ने दिया।

# डाइट नगरी के 200 प्रशिक्षु शिक्षक वनांचल के 100 स्कूलों में पढ़ाएंगे गणित



**नगरी 3 दिसंबर।** धमतरी जिले की एक छोटे से गांव लुगे मगरलोड की शिक्षिका रंजीता-तुमनचंद साहू ने समाज के सामने ऐसा उदाहरण पेश किया जिसकी सभी प्रशंसा कर रहे हैं, इनके प्रयासों से जिले में अब तक 111 स्कूलों में स्मार्ट टीवी लगा कर स्मार्ट क्लास की शुभारंभ की जा चुकी है, साथ ही गणित वर्णमाला बनाकर स्वयं के खर्च से अब तक 20 हजार बच्चों कों गणित वर्णमाला चार्ट तथा 250 स्कूलों के लिए गणित वर्णमाला फ्लेक्स वितरण किया जा चूका है,शिक्षिका रंजीता-तुमनचंद साहू का कहना है यदि वे एक-एक स्कूल जाकर गणित वर्णमाला एवं जीवन प्रबंधन छोटे बच्चों को सिखाएंगे तो उन्हें 100 दिन 100 स्कूलों को पूरा करने में लग जाते इसलिए उन्होंने सोचा कि क्यों ना डाइट के सभी प्रशिक्षु शिक्षकों को प्रशिक्षण देकर टीचिंग मटेरियल फ्लेक्स एवं गणित चार्ट देकर सभी स्कूलों में एक साथ भेजें तो 100 स्कूलों को 1 दिन में कवरेज किया जा सकता है जिससे 100 स्कूलों में पढ़ रहे हजारों विद्यार्थियों को गणित के प्रति आत्मविश्वास बढ़ाया जा सकता है तथा उन्हें आसानी से गणित सिखाया जा सकेगा। जिस तरह किसी भी भाषा को सीखने के लिए उनके वर्णमाला सीखना अत्यंत आवश्यक होता है ढ्ढ उसी तरह किसी विषय में दक्ष होने के लिए उस विषय की जरुरी चीजों/ महत्वपूर्ण तथ्यों की जानकारी आवश्यक है ढ्ढ जिस तरह बचपन में हम लोग अंग्रेजी वर्णमाला ए फॉर एप्पल पढ़कर याद किए थे और वह जिंदगी भर नहीं भूल पाएंगे इस तरह गणित वर्णमाला को ए फॉर एडिशन और आर्यभट्ट , डी फॉर डिविजन और डिसिप्लिन, एम फॉर मल्टीप्लिकेशन, आर फॉर रामानुजन, पी फॉर प्रेक्टिस, एन फॉर नंबर और नेचर, टी फॉर टेबल (पहाड़ा), जेड फॉर जीरो याद करके बच्चे गणितीय फार्मूला,गणितीय आधारभूत ज्ञान को अपने जीवन में उतार पाएंगे और उसे याद रख पाएंगे। गणित वर्णमाला बनाने का उद्देश्य भी बच्चों को गणित के महत्वपूर्ण अवयव को आसानी से उनके दिमाग में बैठाना है। गणित इतना महत्वपूर्ण होते हुए भी हम लोग गणितीय प्रक्रियाओं से अनजान है। गणित वर्णमाला विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को बढ़ाएगा गणितीय ज्ञान को बढ़ाएगा और प्रक्रियाओं को याद करने में आसान सिद्ध होगा। गणित के प्रति निराशावादी सोच को हटाकर एक आशावादी विचारधारा लाने में यह वर्णमाला मदद करेगी।

# 'अटल'- वाजपेयी के बचपन की अनकही कहानी

भारतीय इतिहास में कई प्रधानमंत्री ऐसे रहे हैं, जिन्होंने बड़े-बड़े बदलाव किये। उन्होंने अपने महान दृष्टिकोण और दृढ़-निश्चय के साथ महत्वपूर्ण क्षणों में देश का नेतृत्व किया। उनके कार्यकाल में कई ऐसे महत्वपूर्ण फैसले हुए, जिन्होंने देश की तकदीर बदली और भारत ने दुनिया पर अपनी छाप छोड़ी। अपने महत्वपूर्ण दृष्टिकोण और निर्णायक कदमों से इन नेताओं ने इतिहास में अपना नाम दर्ज किया और ऐसी अमिट विरासत छोड़ी, जिसने शानदार सफलता और प्रगति के एक युग को परिभाषित किया। ऐसे ही एक महत्वपूर्ण नेता थे स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी। अटल बिहारी वाजपेयी एक प्रभावशाली राष्ट्राध्यक्ष थे और भारत के लोग उनकी विरासत को बहुत अहमियत देते हैं। एण्डटीवी अपने नये शो 'अटल' के माध्यम से उनके बचपन के अनकहे पहलुओं को सामने लाने के लिये तैयार है। यूफोरिया प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित यह शो आपको अटल जी के बचपन की झलक दिखायेगा, जिन्होंने बड़े होकर भारत का नेतृत्व किया और इसे एक महान राष्ट्र बनाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। भारत में



ब्रिटिशराज की पृष्ठभूमि पर आधारित यह शो आपको अटल बिहारी वाजपेयी के बचपन की उन घटनाओं, मान्यताओं तथा चुनौतियों के बारे में बतायेगा, जिसकी वजह से एक ऐसे नेता का जन्म हुआ, जिसे हम आज जानते हैं। शो की कहानी में अटल की माँ के साथ उनके गहरे सम्बंधों को दिखाया जाएगा, जिन्होंने उनकी धारणाओं, मूल्यों और चिंतन को गहराई से प्रभावित किया था। एक ओर भारत ब्रिटिशराज में गुलामी का सामना कर रहा था और दूसरी ओर देश आंतरिक कलह और धन, जाति तथा भेदभाव के विभाजन से जूझ रहा था। अखण्ड भारत का जो सपना अटल की माँ ने देखा था, उसे उन्होंने अपने दिल की गहराइयों में उतार लिया। इस शो में अटल बिहारी वाजपेयी की प्रेरक कहानी दिखाई जाएगी, जिन्होंने अपने विनम्र स्वभाव के साथ शुरूआत की और फिर यही लड़का एक दिन भारत के सबसे प्रमुख नेताओं में से एक बना।

एण्डटीवी के नये शो 'अटल' के बारे में एण्डटीवी के बिजनेस हेड विष्णु शंकर ने अपनी बात रखते हुए कहा, ''एण्डटीवी में हम ऐसा कंटेन्ट बनाने की कोशिश करते हैं, जो हमारे दर्शकों के साथ गहरा जुड़ाव बनाये और कहानी कहने की प्रासंगिक एवं महत्वपूर्ण कला से उन्हें प्रेरित करे। हमारा नया शो 'अटल' श्री अटल बिहारी वाजपेयी के बचपन की एक दमदार कहानी है। उन्हें एक सक्षम नेता, कवि और वक्ता के रूप में सभी जानते हैं, लेकिन उनके बचपन के बारे में ज्यादातर लोगों को नहीं पता है। यह कहानी उनके शुरूआती अनुभवों और चुनौतियों पर एक अनूठा नजरिया दिखाती है, जिसने उनकी धारणाओं और मूल्यों को आकार दिया और उन्हें ऐसा नेता तथा इंसान बनाया, जिसे हम आज जानते हैं। हम अपने दर्शकों के लिए उनकी कहानी लाकर बहुत खुश हैं और हमें आशा है।

## किशोर दा को दिया म्यूजिकल ट्रिब्यूट

इस रविवार, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन का प्रतिष्ठित सिंगिंग रियलिटी शो 'इंडियन आइडल सीजन 14' 'आनंद जी - कल्याण जी' की प्रसिद्ध जोड़ी के आनंद जी के साथ 90 के दशक का जादू जगाएगा। 'कल्याण जी-आनंद जी नाइट' का जश्न मनाते हुए, प्रतियोगी जज श्रेया घोषाल और गेस्ट जज शेखर रवजियानी, आनंद जी और उनकी प्यारी पत्नी शांता बेन शाह को प्रभावित करने के लिए कुछ सदाबहार गाने पेश करेंगे। जहां हर प्रतियोगी अपने असाधारण प्रदर्शन से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देगा, क्ष 'कनपुरिया लड़का' वैभव गुप्ता 'खाइके पान बनारसवाला' और 'अपनी तो जैसे तैसे' पर अपने एक्ट से सुर्खियां बटोरेगा। उन्होंने आनंद जी को पुरानी यादों में जाने के लिए मजबूर कर दिया क्योंकि उन्हें 'पार्श्व गायन के राजा' किशोर कुमार की याद आई, जिन्होंने अपने कई सुपर हिट गीतों के साथ कल्याण जी - आनंद जी की यात्रा में बहुत बड़ा योगदान दिया था।

# रोमांस,एक्शन,इमोशन का तड़का के साथ अमलेश का डिफरेंट लुक दिखाई देगा फिल्म गुइयां में

**रायपुर।** निर्माता मोहित साहू एन. माही प्रोडक्शन क बहुचर्चित-बहुप्रतीक्षित फिल्म गुइयां छत्तीसगढ़ के मशहुर निर्देशक मनीष मानिकपुरी द्वारा निर्मित छत्तीसगढ़ फिल्म, दिनांक 8 दिसम्बर दिन शुक्रवार को प्रदेश भर के सिनेमाघरों में एक साथ प्रदर्शित होने जा रही है। जिसके लीड में छॉलीवुड के सुपर स्टार और मशहुर यू-ट्यूबर अमलेश नागेश हैं। निर्माता मोहित साहू ने फिल्म के बारे में बताया कि फिल्म की खासियत है कि इस फिल्म कहानी स्वयं अमलेश नागेश द्वारा लिखी गई है और इस फिल्म में उनका एक्शन से भरपूर अभिनय दिखाई देगा। हीरो अमलेश नागेश के अपोजिट सधे अभिनय के साथ हेमा शुक्ला बतौर अभिनेत्री दिखाई देंगी। निर्माता मोहित साहू ने बताया कि गुइयां का संगीत पक्ष बहुत मजबूत है, जिसके गाने मिलेनियम क्लब में पहुंच चुका है। गानों को लेकर लाखों छत्तीसगढ़ी संगीत प्रेमी वर्ग अपने स्टाइल में रील्स बनाने का जबरदस्त क्रेज है। फिल्म को लेकर दर्शको में एक जबरदस्त कौतुहल का मौहाल बना हुआ है। फिल्म के प्रदर्शन को लेकर दर्शकों में काफी उत्साह है, क्योंकि इस फिल्म के बेहतर प्रमोशन के चलते गुइयां बहुप्रतीक्षित फिल्मों की श्रेणी में शामिल है। फिल्म में कैमरे में कमाल दिखाया है रजत सिंह राजपूत ने गीतकार नवल दास मानिकपुरी एवं ओमी स्टाइलो का है। कर्णप्रिय म्यूजिक दिया है नवल दास मानिक पूरी ने फिल्म को एडिट किया है गौरांग त्रिवेदी ने। म्यूजिक अरेंजर प्रफुल्ल बेहरा कटक स्टूडियो का है। रिकॉर्डिंग का भार नीरज वर्मा ने सम्हाला है। फिल्म में मंजे हुए स्टार कास्ट अजय सहाय, क्रांति दीक्षित, पुष्पेंद्र सिंह, पुरन किरी, नितेश कॉमेडियन आर. मास्टर, दिव्या नागदेव, संगीता निषाद, नीरज उइके एवं सभी उम्दा कलाकारों से सजी फिल्म में जबरदस्त अभिनय शैली रूपहले पर्दे में दिखाई देगी।




## हरियाली को अपनाना: राशि खन्ना का वार्षिक वृक्षारोपण

मनोरंजन उद्योग की हलचल में, जहां ग्लैमर अक्सर केंद्र में रहता है, अभिनेत्री राशि खन्ना अपनी अनूठी और पर्यावरण के प्रति जागरूक जन्मदिन मनाने की परंपरा के लिए खड़ी हैं। फालतू पार्टियों और भव्य उपहारों के बजाय, राशी खन्ना ने अपना जन्मदिन इस तरह से मनाने का विकल्प चुना जो पर्यावरण पर स्थायी प्रभाव छोड़े। अभिनेत्री ने अपने जन्मदिन पर पेड़ लगाने की परंपरा बना ली है और हर जन्मदिन पर एक पौधा लगाकर इस अवसर को मनाने का एक सार्थक और टिकाऊ तरीका तैयार किया है। राशी खन्ना ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स पर वृक्षारोपण अनुष्ठान की तस्वीरें पोस्ट करके अपने अनुयायियों के साथ इस हरित यात्रा को साझा किया। उन्होंने इंस्टाग्राम पर अपनी पोस्ट को कैप्शन दिया मैं विभिन्न कारणों से पौधे उगाती हूं: अपनी आंखों को खुश करने के लिए, अपनी आत्मा को खुश करने के लिए, एक लेने के लिए। थोड़ी ज़िम्मेदारी, लेकिन ज़्यादातर उस खुशी के लिए जो यह मुझे देती है। बस एक और जन्मदिन जो इस अद्भुत परंपरा को आगे बढ़ा रहा है।



# मिलिंद दस्ताने एण्डटीवी के 'अटल' में निभाएंगे श्याम लाल वाजपेयी की भूमिका!

एण्डटीवी का नया शो 'अटल' स्वर्गीय प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी के बचपन की अनकही कहानियों पर आधारित है। अपने मनमोहक प्रोमोज से यह शो पहले ही सुर्खियाँ बटोर चुका है। हाल ही में जाने-माने मराठी एक्टर मिलिंद दस्ताने को नन्हें अटल के दादाजी श्याम लाल वाजपेयी की भूमिका के लिये चुना गया है। यूफोरिया प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित इस शो में उस नेता के बचपन की झलक दिखाई गई है, जिसने भारत का भविष्य तय करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। भारत में ब्रिटिश शासन की पृष्ठभूमि पर आधारित यह शो अटल बिहारी वाजपेयी के बचपन की घटनाओं को उजागर करेगा। इसमें उन घटनाओं, धारणाओं तथा चुनौतियों पर रोशनी डाली जाएगी, जिन्होंने अटल को एक महान नेता बनाने में अहम भूमिका अदा की। अपने किरदार के बारे में बताते हुए, मिलिंद दस्ताने ने कहा, ''श्याम लाल वाजपेयी भागवत कथा सुनाते थे और ज्योतिष तथा धार्मिक पुस्तकों के माध्यम से अपने घर का खर्च चलाते थे। जीवन के प्रति श्याम लाल में जबर्दस्त उत्साह था। वह जीवंतता दिखाते थे, दुख के बीच खुशी खोज लेते थे और गुस्से में भी उन्हें मनोरंजन मिल जाता था। उनके उत्साह का अटल पर काफी असर पड़ा। अपने काम के लिये समर्पित रहने के बावजूद श्याम लाल ने ध्यान और योग के महत्व पर जोर दिया। श्याम लाल वाजपेयी का बेहतरीन सेंस ऑफ़ ह्यूमर अटल को लंबे समय तक प्रभावित करता रहा।''



नन्हें अटल के दादाजी की भूमिका निभाने को लेकर अपना रोमांच व्यक्त करते हुए, मिलिंद दस्ताने कहते हैं, ''मैं टीवी पर इतने बड़े किरदार को निभाने के लिए बेहद रोमांचित हूँ। इसमें अटल बिहारी वाजपेयी की प्रेरक कहानी बयां की गई है, जोकि एक साधारण एवं विन्रम बालक थे, लेकिन बाद में वे भारत के सबसे प्रमुख नेताओं में से एक बने। जब मुझे यह भूमिका दी गई, तब मैंने इसे स्वीकार करने से पहले काफी विचार किया, क्योंकि जिम्मेदारी बड़ी थी। मैं नर्वस था, क्योंकि मुझे अटल जी के दादाजी के बारे में बहुत जानकारी नहीं थी। हालांकि, मैंने इस चुनौती को स्वीकार किया और इसे एक हिन्दी टेलीविजन शो में इतनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के मौके के तौर पर देखा। एक कार्यशाला ने इस भूमिका की पूरी तैयारी करने और अपने किरदार को बेहद गहराई से समझने में मेरी सहायता की। मेरी तैयारी के लिये मेकर्स ने बेहतरीन काम किया और जितना संभव हुआ, मेरे लुक को अटल जी के दादाजी जैसा बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। मै अपने किरदार को लेकर दर्शकों की प्रतिक्रिया का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं।''

# विंक रीवाइंड पर भारत के 2023 के फेवरेट म्यूजिक लाइव

डाउनलोड्स और डेली एक्टिव यूजर्स के लिहाज से भारत के नंबर 1 म्यूजिक स्ट्रीमिंग ऐप, विंक म्यूजिक ने आज अपना विंक रीवाइंड 2023 जारी किया है। इसमें भारतीय संगीत की दुनिया में इस साल के टॉप कलाकारों, एल्बम्स और गानों की घोषणा की गई है। विंक रीवाइंड 2023 एक साल विशेष के दौरान विंक म्यूजिक पर चलने वाले टॉप कलाकारों, एल्बम्स, गानों और प्लेलिस्ट्स की तुलना करता है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) एल्गोरिदम के प्रभाव से यह यूजर्स के संगीत सुनने के पैटर्न के बारे में बताता है और विंक यूजर्स के लिये ऐप पर निजी अनुभव की पेशकश करता है। इसमें वह ट्रेंड्ज़ दिये जाते हैं, जो स्ट्रीम हुए कुल मिनटों, चहेते गानों और कलाकारों को सुनने के पैटर्न्स की की झलक देते हैं। इन सभी को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर साझा किया जा सकता है। इस साल के रीवाइंड में खास फीचर्स हैं, जैसे कि म्यूजिकल ज़ोडियाक, जो फैन कंजम्पशन पर आधारित एक रिसीव एक्टिविटी है। इसके द्वारा प्रशंसकों की यह जानने में मदद की जाती है कि वे किसके सुपरफैन हैं। इसके अलावा, विंक के श्रोताओं को एक खास प्लेलिस्ट भी मिलेगी, जिसमें उनके सारे टॉप गाने और उनके चहेते कलाकार का एक खास मैसेज वीडियो भी होगा। अपने प्लेटफॉर्म पर अनुभव को बेहतर बनाने के दिलचस्प तरीके खोजने की कोशिश करते हैं। इसके अनुसार, विंक रीवाइंड एक बेहतरीन पहल है, जो संगीन को पसंद करने और कंजम्पशन के ट्रेंड्ज़ पर ग्राहकों की गहन जानकारियाँ देती है। इससे हमें अपने ऐप पर अनुभव को बेहतर बनाने और अपने ग्राहकों को ज्यादा महत्व प्रदान करने में काफी मदद मिलती है। हम अपने ग्राहकों को संगीत का निजी अनुभव देने की कोशिशें जारी रखेंगे।' विंक स्टूडियो स्वतंत्र कलाकारों के लिये भारत का सबसे बड़ा म्यूजिक डिस्ट्रिब्यूशन इकोसिस्टम है, जिसके पास अब 1300 से ज्यादा कलाकार हैं। इनमें से 55त्न कलाकार नॉन-मेट्रो शहरों से हैं, जिनमें पूर्वोत्तर के शहर भी शामिल हैं। इससे पता चलता है कि इस प्लेटफॉर्म ने कैसे इन कलाकारों को एक रचनात्मक आउटलेट दिया है और उनके लिये मोनेटाइजेशन तथा डिस्कवरी की चिंताएं हल की हैं। हिन्दी में आदित्य रिखारी, अंग्रेजी में माली, तेलुगू में हर्षा प्रवीण, तमिल में एआर आनंध, कन्नड़ में धीमुसिक्स और बंगाली में राज बर्मन इस साल के प्रमुख इंडी कलाकारों में शामिल हैं। वर्ष 2023 में विंक ने सिंगल सॉन्ग जैसेकि मांज म्यूजिक और अनुषा दांडेकर का 'लव टोकन', विशाल डडलानी का 'बिल्लो' और निकिता गांधी का सिंगल 'प्यार में पागल' के वितरण में सहयोग दिया। इसके साथ ही स्वतंत्र निर्माताओं को भी उनका दायरा बढ़ाने में मदद दी, जैसे कि एलजीएफस्टूडियोज, जिनकी फिल्म 'लव ऑल' को इस प्लेटफॉर्म पर प्रमोट किया गया। इस फिल्म में के के मेनन और स्वास्तिका मुखर्जी है।

वर्ष 2023 में विंक ने सिंगल सॉन्ग जैसेकि मांज म्यूजिक और अनुषा दांडेकर का 'लव टोकन', विशाल डडलानी का 'बिल्लो' और निकिता गांधी का सिंगल 'प्यार में पागल' के वितरण में सहयोग दिया। इसके साथ ही स्वतंत्र निर्माताओं को भी उनका दायरा बढ़ाने में मदद दी, जैसे कि एलजीएफस्टूडियोज, जिनकी फिल्म 'लव ऑल' को इस प्लेटफॉर्म पर प्रमोट किया गया। इस फिल्म में के के मेनन और स्वास्तिका मुखर्जी है।

## मनीष पॉल ने निर्देशक शशांक खेतान के साथ सेल्फी पोस्ट कर अपने अपकमिंग नए प्रोजेक्ट की हिंट दी

बॉलीवुड की तेजी से भागती दुनिया में, सोशल मीडिया अटकलों और अफवाहों का अड्डा बन गया है, और नवीनतम चर्चा लोकप्रिय भारतीय अभिनेता और होस्ट, मनीष पॉल को घेर रही है। अभिनेता ने हाल ही में उस समय लोगों को चौंका दिया जब उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर प्रसिद्ध भारतीय फिल्म लेखक और निर्देशक शशांक खेतान के साथ एक तस्वीर पोस्ट की। उद्योग जगत की दो हस्तियों के बीच एक स्पष्ट क्षण को कैद करने वाली तस्वीर ने संभावित सहयोग के बारे में अटकलें तेज कर दी हैं। प्रशंसक और मीडिया अब समान रूप से प्रत्याशा से भरे हुए हैं, सोच रहे हैं कि क्या मनीष पॉल और शशांक खेतान वास्तव में आगामी परियोजना के लिए चर्चा में हैं। इस तस्वीर को पोस्ट करने से ठीक पहले हाल ही में 'जुग जुग जीयो' और 'रफूचक्कर' में बेहतरीन परफॉर्मेंस देने वाले मनीष पॉल को भी धर्मा ऑफिस में स्पॉट किया गया था। जब तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आता, प्रशंसक केवल इस रोमांचक चीज़ की प्रतीक्षा कर सकते हैं जो मनीष पॉल और शशांक खेतान के बीच चल रही है!



## हंसना जरूरी है!

एण्डटीवी के 'हप्पू की उलटन पलटन' और 'भाबीजी घर पर हैं' के किरदार इस सप्ताह अपने दर्शकों को हंसा कर लोट-पोट कर देने वाले एक सफर पर ले जायेंगे। एण्डटीवी के 'हप्पू की उलटन पलटन' की कहानी के बारे में बताते हुये राजेश ने कहा, ''कटोरी अम्मा (हिमानी शिवपुरी) और राजेश (गीतांजलि मिश्रा) उस समय अपने-आप को एक अजीबो-गरीब स्थिति में पाती हैं, जब एक बातचीत के दौरान उन्हें पता चलता है कि हप्पू (योगेश त्रिपाठी) उनकी आलोचना कर रहा है। वे उसकी इन हरकतों के पीछे की सच्चाई का पता लगाने का फैसला करते हैं। अपनी योजना को अंजाम देने के लिये, ये दोनों ऐक्टर कुमार राज से मदद मांगती हैं, जो बाबा चंगु देव का वेष बनाता है। बाबा चंगु देव दावा करते हैं कि राजेश और कटोरी अम्मा के लगातार झगड़े के कारण उसने अपनी जादुई शक्तियों का इस्तेमाल कर उनकी आत्माओं की अदला-बदली कर दी है। बाबा के अनुसार, राजेश की आत्मा अब कटोरी अम्मा के शरीर में और कटोरी अम्मा की आत्मा राजेश के शरीर में चली गई है। स्थिति एक विचित्र मोड़ ले लेती है, क्योंकि राजेश और कटोरी अम्मा एक-दूसरे की तरह हरकतें करने लगती है, जिससे बाबा का दावा सच नजर आने लगता है। अपनी आदत के अनुसार, हप्पू राजेश के सामने ही उसकी आलोचना करना शुरू कर देता है। घटनाओं में आये इस अनापेक्षित मोड़ से राजेश और कटोरी अम्मा दोनों ही परेशान हो जाती हैं।''



## मुश्किलों में किरदार!

एण्डटीवी के 'हप्पू की उलटन पलटन' में हप्पू बन जाएगा फूड इन-चार्ज, जबकि 'भाबीजी घर पर हैं' में अनीता भाबी गुस्से पर काबू करना सिखाएंगी। एण्डटीवी के 'हप्पू की उलटन पलटन' की कहानी के बारे में दरोगा हप्पू सिंह ने बताया, ''हप्पू (योगेश त्रिपाठी) शाकाल नाम के एक गैंगस्टर का पीछा कर रहा होता है, तभी राजेश (गीतांजलि मिश्रा) का कॉल आता है और वह पूछती है कि डिनर में क्या बनना चाहिये। डिश को लेकर दोनों के बीच बहस हो जाती है और शाकाल मौके का फायदा उठाकर भाग जाता है। जब हप्पू घर आता है, तब देखता है कि डिश उसकी मर्जी के मुताबिक नहीं बनी है और उसे गुस्सा आता है। वह घोषणा करता है कि अब से वही तय करेगा कि घर में खाने के लिये क्या बनेगा। राजेश उसकी बात मान लेती है, लेकिन अपनी हरकतों से उसे चिढ़ाने का फैसला करती है। अगले दिन हप्पू सभी से पूछता है कि उन्हें क्या खाना है और हर कोई अपनी-अपनी पसंद बताता है और हप्पू परेशान हो जाता है कि क्या बनाया जाए। बाद में, रात को ऋतिक (आर्यन प्रजापति), चमची (ज़ारा वारसी) और रनबीर (सौम्या आज़ाद) अपने टिफिन के लिये बर्गर की मांग करते हैं, लेकिन देर रात हो जाने पर दुकान बंद हो जाती है। हप्पू के पास बर्गर बनाने की तैयारी करने के अलावा कोई चारा नहीं बचता है।



# 'आंगन - अपनों का'

प्रभावशाली कहानियां और प्रासंगिक कॉन्टेंट प्रदर्शित करने के लिए मशहूर, सोनी सब अपने आगामी शो 'आंगन - अपनों का' के साथ इस क्षेत्र में अग्रणी बना हुआ है। यह शो अपने पिता के प्रति महसूस किए जाने वाले एक बेटी के गहरे स्नेह और कर्तव्य की भावना पर केंद्रित है, और भावनात्मक संघर्ष को उजागर करते हुए यह सवाल उठाता है कि शादी के बाद अपने पिता को छोड़ने की क्या आवश्यकता है। उसका मानना है कि शादी के बाद एक नया परिवार आ जाने से, अपने पिता को प्राथमिकता देना बंद नहीं करना चाहिए। उसके विचार उन महिलाओं की दुविधा को दर्शाते हैं, जो एक नए परिवार के साथ नया जीवन शुरू करते हुए, अपने माता-पिता की देखभाल करने के बीच उलझी होती हैं। यह शो कुछ सामाजिक मानदंडों पर प्रासंगिक सवाल उठाता है, यह दावा करता है कि विवाह को लेकर अलग नज़रिया रखना स्वीकार्य है। 'आंगन - अपनों का' पल्लवी नाम की एक मजबूत और आत्मनिर्भर बेटी की शानदार कहानी बताता है, जिसका किरदार आयुषी खुराना ने निभाया है। पल्लवी को अपने पिता जयदेव (महेश ठाकुर) से बेहद स्नेह है। इस शो में नीता शेट्टी और अदिति राठौर सहित प्रभावशाली कास्ट भी शामिल है, और हर किसी ने कुशलतापूर्वक कहानी को आगे बढ़ाने वाली महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाई हैं।हम 'आंगन अपनों का' लाकर उत्साहित हैं, ऐसा शो जो शादी के बाद महिलाओं द्वारा निभाई जाने वाली भूमिका को लेकर अलग नज़रिया पेश करता है। इस तरह की अवधारणा टेलीविज़न पर नहीं दिखाई गई है और निश्चित रूप से हमारे दर्शक इससे जुड़ पाएंगे। एक चैनल के रूप में, हम ऐसी कहानियां सामने लाने के इच्छुक हैं जो दिलचस्प हों, जो विविध नज़रिया प्रदर्शित करती हों। ऐसी कहानियां जो लोगों को सोचने के लिए मजबूर करती हों लेकिन साथ ही उन्हें भविष्य के प्रति उम्मीद की किरण भी दिखाती हों। आंगन अपनों का उस दिशा में हमारा एक और कदम है।



**जयदेव शर्मा के रूप में महेश ठाकुर**-यह शो उस सदियों पुरानी प्रथा पर एक नया नज़रिया पेश करने की कोशिश करता है, जिसके अनुसार शादी के बाद महिलाओं को अपने माता-पिता को पीछे छोड़ना पड़ता है। और खुद एक पिता होने के नाते, अपनी बेटियों के प्रति जयदेव के गहरे प्यार ने मुझ पर काफी प्रभाव डाला। मुझे यकीन है कि पिता-बेटी का यह प्यारा रिश्ता दर्शकों के दिलों को छू जाएगा और यह कहानी परिवार के डायनेमिक्स और महिलाओं की पसंद के बारे में सार्थक संवाद को प्रेरित करेगी।÷

## पश्मीना रोशन की ठाठदार सुंदरता

हाल ही में एक इंस्टाग्राम पोस्ट में, जिसने फैशन के प्रति उत्साही लोगों को आश्चर्यचकित कर दिया, पश्मीना रोशन ने डिजिटल रनवे पर एक आकर्षक पहनावे के साथ शोभा बढ़ाई - एक काले सूट के साथ खुले बाल और एक जीवंत लाल लिपस्टिक। यह परिधान चयन न केवल उनकी त्रुटिहीन शैली के बारे में बताता है, बल्कि समकालीन परिष्कार के साथ कालातीत परिष्कार को जोड़ने की उनकी अद्वितीय क्षमता को भी रेखांकित करता है। रोशन की फैशन समझ, जैसा कि इस मनोरम स्नैपशॉट में प्रदर्शित है, पारंपरिक मानदंडों से परे है। काला सूट, क्लासिक परिष्कार का प्रतीक, उसकी आत्म-अभिव्यक्ति के लिए एक कैनवास बन जाता है, जबकि खुले बाल और लाल लिपस्टिक बोल्ड आधुनिकता का स्पर्श जोड़ते हैं। पहनावा परंपरा और चलन के सामंजस्यपूर्ण मिश्रण को दर्शाता है, जो फैशन के लगातार विकसित हो रहे परिदृश्य को नेविगेट करने की उनकी प्रतिभा को प्रदर्शित करता है। जैसा कि पश्मीना रोशन अपनी विशिष्ट शैली से दर्शकों को मोहित करना जारी रखती है, यह इंस्टाग्राम पोस्ट एक फैशन प्रभावशाली व्यक्ति के रूप में उनकी स्थिति का प्रमाण है। अपनी पोशाक में शालीनता और दुस्साहस के तत्वों को सहजता से समाहित करने की उनकी क्षमता एक ट्रेंडसेटर के रूप में उनकी प्रतिष्ठा को मजबूत करती है और हमें उनके अगले फैशन रहस्योद्घाटन की उत्सुकता से प्रतीक्षा करने के लिए प्रेरित करती है।



# बढ़ेगा एन्टरटेनमेंट का डेली डोज!

एण्डटीवी के शो 'अटल', जिसका दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, के पहले एपिसोड का प्रीमियर इस सप्ताह 5 दिसंबर को रात 8 बजे होगा। इस शो में स्वर्गीय प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी के बचपन की अनकही कहानी को दिखाया जायेगा। शो के पहले एपिसोड में हम अटल के जन्म की कहानी, उनके परिवार द्वारा उन्हें सिखाये गये सांस्कृतिक मूल्यों, ब्रिटिश राज में लोगों के साथ अनुचित व्यवहार के प्रति उनकी बेचैनी और अन्याय के खिलाफ उनके रुख के बारे में जानेंगे। 'हप्पू की उलटन पलटन' में हप्पू कानपुर की हांड कंपकपांती सर्दी में हीटर्स का इंतजाम करने की कोशिश करेगा, जबकि 'भाबीजी घर पर हैं' में विभूति नारायण मिश्रा को एक जादुई लॉकेट मिलेगा, जिसे पहनने वाला अदृश्य हो जाता है। 'अटल' की आगामी कहानी के बारे में बताते हुये आशुतोष कुलकर्णी, जोकि कृष्ण वाजपेयी का किरदार निभा रहे हैं, ने कहा, ''पहले एपिसोड में दर्शक क्रिसमस उत्सव के दौरान अटल के जन्म की कहानी देखेंगे। इसमें दिखाया जायेगा कि एक ब्रिटिश अधिकारी और तोमर (महमूद हाशमी) के कारण उनके परिवार को हॉस्पिटल जाने में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। अटल (व्योम ठक्कर) जब थोड़े बड़े हो जाते हैं, तो उनका परिवार उन्हें सांस्कृतिक मूल्यों के महत्व के बारे में बताता है और ये मूल्य उन्हें विरासत में मिलते हैं। स्कूल में सांस्कृतिक प्रतीकों को हटाने का उनका विरोध और ब्रिटिश राज में लोगों के साथ हो रहे अनुचित व्यवहार के प्रति उनकी बेचैनी उनकी बढ़ती जागरूकता और असहमति को दिखाती है। ब्रिटिश अधिकारियों द्वारा गांववालों पर किये जा रहे क्रूर



अत्याचार को देखकर अन्याय के खिलाफ खड़े होने का उनका संकल्प और भी मजबूत हो जाता है। इन सारी बातों को समझने की उनकी खोज उन्हें भगत सिंह की कहानी तक ले जाती है, जिसका उनके ऊपर गहरा प्रभाव पड़ता है। भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरू की फांसी उन्हें बहुत ज्यादा परेशान कर देती है। विरोध के बावजूद, उनका लक्ष्य इन शहीदों को श्रद्धांजलि देना है। अटल का परिवार तोमर के डराने-धमकाने की तरकीबों का सामना करता है, ब्रिटिश अधिकारियों द्वारा उत्पन्न जोखिमों के बावजूद स्वतंत्रता सेनानियों के प्रति उनके अटूट समर्थन को दिखाता है, और यही इस एपिसोड का क्लाइमेक्स है। यह टकराव शोषण के खिलाफ खड़े होने में उनकी मजबूती और भारत की आज़ादी के लिये किये गये बलिदानों का सम्मान करने के उनके दृढ़संकल्प को दर्शाता है।'' एण्डटीवी के शो 'हप्पू की उलटन पलटन' की आगामी कहानी के बारे में बताते हुये, दरोगा हप्पू सिंह ने कहा, ''हप्पू (योगेश त्रिपाठी) कानपुर की बढ़ती ठंड के बीच हीटर्स का इंतजाम करने की कोशिश कर रहा है। लेकिन हीटर्स आउट ऑफ स्टॉक हैं, जिससे हप्पू काफी परेशान हो जाता है। मौके का फायदा उठाते हुये, शाकाल हप्पू को चार हीटर्स देने की बात कहता है और बदले में उसे कचैड़ी की पार्टी चाहिये। इस बीच, कमिश्नर (किशोर भानुशाली), मनोहर (नितिन जाधव), मास्टर (विजय कुमार सिंह) और बेनी (विश्वनाथ चटर्जी) सभी अलग-अलग कारणों से हप्पू से हीटर्स मांगते हैं। हर किसी की मांग को पूरा करने के लिये हप्पू मन मारकर शाकाल की बात को अनसुना कर देता है, जिससे वह चतुराई से बच जाता है। हीटर्स पाने में मदद के लिये हप्पू और बेनी अपनी दोस्त कल्पना के पास जाते हैं, जिसका पति हीटर्स बनाता है। हालांकि, इस मदद के बदले कल्पना उनसे अपने साथ मनाली चलने के लिये कहती है।

## राशि खन्ना ने भावनात्मक यात्रा पूरी की

राशि खन्ना ने हाल ही में सोशल मीडिया पर एक ऐसे प्रोजेक्ट को पूरा करने पर अपनी भावनाएं साझा कीं, जो उनके दिल में एक विशेष स्थान रखता है। अभिनेत्री ने एक हार्दिक पोस्ट में अपनी भावनाएं व्यक्त कीं, जिससे प्रशंसकों को एक खूबसूरती से टूटे हुए चरित्र को चित्रित करने की गहन यात्रा की एक झलक मिली। अभिनेत्री ने पूरे प्रोजेक्ट में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान करने के लिए अपने सह-कलाकार, बेहद प्रतिभाशाली विक्रांत मैसी को श्रेय दिया। खन्ना ने अपने दृष्टिकोण से जहाज को चलाने के लिए निर्देशक बोधायन रॉयचौधरी का भी आभार व्यक्त किया। एक मर्मस्पर्शी क्षण में, खन्ना ने पूरी यात्रा में ठोस सहयोग देने के लिए विक्रम खाखर को धन्यवाद दिया। इस खूबसूरती से टूटे हुए चरित्र को विकसित करते समय घबराई हुई झटके, भीतर का तूफान, एक ऐसे व्यक्ति के मानस में गहरा गोता लगाना जिसके साथ मैं शुरुआत में संबंधित नहीं हो सका। जैसे ही अभिनेत्री ने अपनी पोस्ट समाप्त की, उन्होंने #TME नामक इस विशेष प्रोजेक्ट को अपने दर्शकों के साथ साझा करने की प्रत्याशा जताई। राशि खन्ना की भावनात्मक और कलात्मक यात्रा की यह झलक प्रशंसकों को एक ऐसी फिल्म के अनावरण का बेसब्री से इंतजार कराती है जो गहराई, संवेदनशीलता और मानवीय अनुभव की समृद्ध खोज का वादा करती है।



## 'आंगन - अपनों का' में तीन बहनें जीवन, प्रेम और विवाह पर अलग-अलग दृष्टिकोण रखती हैं

सोनी सब के बहुप्रतीक्षित शो, 'आंगन - अपनों का' के केंद्र में एक मनोरम कहानी है, जो न केवल एक पिता और उसकी बेटियों के प्यारे व बिना शर्त बंधन की सराहना करती है, बल्कि जीवन और विवाह पर शर्मा बहनों के विविध दृष्टिकोण को भी उजागर करती है। आयुषी खुराना सबसे छोटी बेटी पल्लवी शर्मा की भूमिका में हैं, अदिति राठौड़ आज्ञाकारी बेटी तन्वी शर्मा की भूमिका में हैं, और नीता शेट्टी सबसे बड़ी बेटी दीपिका शर्मा के रूप में है, और ये तीनों ही अपने किरदारों से कहानी में एक अलग पहलू लेकर आती हैं।सबसे छोटी शर्मा बहन पल्लवी शादी को लेकर अनोखे विचार रखती है, वह सवाल करती है कि शादी के बंधन में बंधने के बाद महिलाओं को अपनी प्राथमिकताएं क्यों बदलनी पड़ती हैं और अपने माता-पिता को पीछे छोड़ना पड़ता है, जबकि सबसे बड़ी बहन, दीपिका शर्मा क्षमता का प्रतीक बनकर खड़ी होती है, जो घर, ज़िम्मेदारियों और एक फलते-फूलते करियर के बीच सही संतुलन का प्रतीक है। दूसरी ओर, आज्ञाकारी बेटी, पत्नी और बहू के रूप में अपनी भूमिका में, तन्वी शर्मा तीनों में एक अलग नज़रिया लाती हैं। लेकिन अपने मतभेदों के बावजूद, शर्मा बहनों का रिश्ता दृढ़ बना हुआ है, जो आधुनिक संदर्भ में पारिवारिक बंधनों के सार को प्रदर्शित करता है।



## दुविधा का खुलासा

सोनी सब का 'पुष्पा इम्पॉसिबल'' एक दृढ़निश्चयी किरदार पुष्पा (करुणा पांडे) के जीवन को दर्शाता है, जो आशावाद और समाधान-उन्मुख दृष्टिकोण के साथ जीवन की चुनौतियों का सामना करती है। पिछले कुछ एपिसोड्स में, हमने देखा कि पुष्पा अपने दो बेटों - चिराग (दर्शन गुर्जर) और अश्विन (नवीन पंडिता) के बीच उलझी हुई है। जबकि चिराग ने टेंडर घोटाले में अश्विन की संलिप्तता का खुलासा किया, उसने परामर्श भी मांगा कि क्या उसे अपने भाई की रिपोर्ट करनी चाहिए या नहीं। आगामी एपिसोड में, तनाव अभी भी बढ़ रहा है क्योंकि चिराग को अश्विन के खिलाफरिपोर्ट करने के चुनौतीपूर्ण कार्य का सामना करना पड़ रहा है। जबकि अश्विन अपने कार्यों के परिणामों से जूझ रहा है, अहंकार की लड़ाई शुरू हो जाती है, जिससे उसका निर्णय धूमिल हो जाता है। अपने भाई के गलत कामों को उजागर करने की दुविधा का सामना करते हुए, चिराग अपनी मां पुष्पा के पास जाता है, जो उसे सलाह देती है कि जो सही है वह करो, भले ही यह कठिन हो, क्योंकि वह अपने बेटों की गलतियों में उनका बचाव नहीं करेगी। क्या चिराग अपने भाई के खिलाफरिपोर्ट पर अमल करेगा? अश्विन अपने कृत्यों के परिणामों से कैसे निपटेगा? अश्विन की भूमिका निभाने वाले नवीन पंडिता ने कहा, ÷हालिया कथानक ने वास्तव में दो भाइयों, चिराग और अश्विन के बीच के ड्रामा को बढ़ा दिया है।



## वागले की दुनिया में आवारा कुत्ते को लेकर छिड़ी बहस

सोनी सब का दिल छू लेने वाला शो, 'वागले की दुनिया - नई पीढ़ी नए किस्से' एक मध्यम वर्गीय परिवार के जीवन को दर्शाते हुए, आम आदमी के सामने आने वाली दैनिक चुनौतियों पर प्रकाश डालता है। हाल के एपिसोड्स में, दर्शकों ने वागले परिवार को विदेशी एक्सचेंज स्टूडेंट कैरेन और उसकी जीवनशैली को अपने जीवन में स्वीकार करते देखा। इस हफ्ते साई दर्शन सोसायटी के निवासियों को तीखी बहस का सामना करना पड़ेगा। जब सोसायटी में एक आवारा कुत्ता आ जाता है, तो सदस्य आवारा कुत्ते की देखभाल करने या कुत्ते के काटने के संभावित खतरे के बारे में चिंता करने के बीच बंट जाते हैं। इससे इस बात पर चर्चा शुरू हो जाती है कि कुत्ते के साथ क्या किया जाए। बहस तेज़ हो गई है क्योंकि सोसायटी के सदस्य मानवीय दृष्टिकोण बनाम व्यावहारिक दृष्टिकोण के बीच संतुलन बिठा रहे हैं। क्या वे उसे आश्रय देंगे या सोसायटी से बाहर भगा देंगे? यह देखना दिलचस्प होगा कि आने वाले सप्ताह में वागले परिवार के जीवन में क्या सामने आता है। राजेश वागले की भूमिका निभा रहे, सुमीत राघवन ने कहा, ÷मैं 'वागले की दुनिया' में आगामी कहानी को लेकर रोमांचित हूं, क्योंकि मैं खुद डॉग लवर हूं और मेरे पास अपने इंडी कुत्ते हैं। कुत्ते जीवन में बहुत खुशी लाते हैं, और हमारे शो के वास्तविक जीवन की भावना इसे विशेष बनाती है। एक आवारा कुत्ते से जुड़ी कहानी को शामिल करके हम करुणा, समझ और समुदाय के विषयों को समझ सकते हैं। अंत में, इन तत्वों का मिश्रण ही 'वागले की दुनिया' को इतना आकर्षक बनाता है।



## एक नजर

### सर्वश्रेष्ठ मतदाता सेल्फी फोटोग्राफ्स के परिणाम घोषित, रतनी बाई अव्वल



**उत्तर बस्तर/कांकेर, 3 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने हेतु जिले के सभी मतदान केन्द्रों में 'हम साथ-साथ हैं सेल्फी कार्नर बनाया गया था, जिनमें कई मतदाताओं ने मतदान करने के बाद उत्साह के साथ अपने परिवार सहित सेल्फी लेकर संबंधित विधानसभा के व्हाट्सअप नंबर पर फोटोग्राफ्स साझा किए। प्राप्त फोटो में से उत्कृष्ट फोटो वाले मतदाताओं के नाम आज कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने घोषित किए। इस दौरान बताया गया कि जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र से 12 हजार 398 फोटोग्राफ्स प्राप्त हुए, जिनमें विधानसभा अंतागढ़ से 3 हजार 63, विधानसभा भानुप्रतापपुर से 5 हजार 98 और विधानसभा कांकेर से 4 हजार 237 मतदाताओं ने अपने फोटोग्राफ्स साझा किए।

**जिला स्तर पर 83 वर्षीय रतनी बाई की फोटो को मिला प्रथम स्थान:** जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार तीनों विधानसभाओं से प्राप्त फोटोग्राफ्स में से जिला स्तर पर भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के चारामा विकासखंड के ग्राम-कोटतरा निवासी रतनी बाई जैन को सर्वश्रेष्ठ मतदाता सेल्फी फोटोग्राफी के रूप चयनित किया गया। 83 वर्षीय रतनी बाई ने कोटतरा मतदान केन्द्र क्रमांक 195 में अपने परिवार की चार पीढ़ियों के साथ मतदान किया है। इसी प्रकार विधानसभा स्तर पर सर्वश्रेष्ठ 'हम साथ-साथ हैं' बेस्ट सेल्फी फोटोग्राफ्स के लिए अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम-पी.व्ही.06 कमलपुर निवासी रिंकू हलदर को प्रथम, ग्राम बड़ेकापसी निवासी कृष्णा गावड़े को द्वितीय एवं उत्तम बनिक को तृतीय स्थान मिला। इसके अलावा भानुप्रतापपुर विधानसभा के ग्राम नेलचांग कु. नेहा हलदर को प्रथम, ग्राम जुनवानी निवासी कु. नेहा नागराज एवं परिवार को द्वितीय और ग्राम सेलेगांव निवासी अनूप जैन को तृतीय स्थान मिला। साथ ही कांकेर विधानसभा क्षेत्र के एम.जी. वार्ड कांकेर निवासी लीना देवांगन को प्रथम, ग्राम मुड़पार निवासी कु. मोनिका नेताम को द्वितीय एवं ग्राम गोविन्दपुर निवासी गौतमराम गजबल्ला ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### पीएमटी छात्रावास कांकेर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया संविधान दिवस

**कांकेर, 3 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पी.एम.टी. छात्रावास में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी संविधान दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। छात्रावास अधीक्षक कमलेश्वर रामटेके ने संविधान की प्रस्तावना का वाचन करवाया। उन्होंने बताया कि भारतीय संविधान को संविधान सभा ने 26 नवम्बर 1949 को अपनाया था। यह एक उत्कृष्ट संविधान को अपनाने की वर्षगाठ का दिन है। संविधान दिवस पर उपस्थित इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष शरद ठाकुर ने अपने विचार उद्बोधन में कहा कि स्वतंत्रता, समानता, एवं बंधुत्व संविधान के ये मूलभूत साधन रहे हैं। जिनमें अनुसूचित जाति, जनजाति, अल्प संख्याकों के लिए विशेष प्रावधान किये गये है। सभी छात्रावासियों को भारतीय संविधान दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि डॉ. अम्बेडकर के वाक्य पैरों में जूता ना सही, हाथों में पुस्तक होनी चाहिए। छात्रावासियों को संकल्प देते हुए कहा कि संविधान की भावना से प्रेरणा लेकर हम आने वाली पीढ़ियों के लिए एक शसक्त, समावेशी और समावेशी भारत का निर्माण करेंगे। जिसमें प्रमुख रूप से विनोद दुग्गा, संयुक्त अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार जुर्री, स्थानीय अध्यक्ष अरुण वट्टी सहित छात्रवास के पदाधिकारी एवं छात्र उपस्थित हुए। समस्त जानकारी सयुक्त अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार जुर्री ने दिया है।



# दुर्गम व संवेदनशील क्षेत्रों में उत्तरदायित्व निभाने वाले मतदान कर्मी हुए सम्मानित

## प्रतिकूल परिस्थितियों में भी शिद्दत से निभाई जिम्मेदारी, कलेक्टर-एसपी ने प्रशस्ति-पत्र देकर किया जज्बे को सलाम



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

### इन मतदानवीरों का हुआ सम्मान

**उत्तर बस्तर/कांकेर, 3 दिसंबर।** विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2023 के तहत जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र अंतागढ़, भानुप्रतापपुर और कांकेर में 07 नवम्बर 2023 को मतदान सम्पन्न हुआ। जिले के अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र के पखांजूर और अंतागढ़ तहसील में कई ऐसे दुर्गम व सुरक्षा के दृष्टिकोण से संवेदनशील क्षेत्र हैं, जहां पर जाकर मतदान कराना आसान नहीं था। ऐसी प्रतिकूल परिस्थितियों में भी पूरी शिद्दत के साथ अपने निर्वाचन संबंधी दायित्वों का निर्वहन करना किसी मतदान दल व सुरक्षाकर्मी के लिए आसान नहीं था। ऐसे हालात में निर्वाचन की सर्वोच्च प्राथमिकता को दृष्टिगत करते हुए अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी ढंग से निभाने वाले मतदान कर्मियों का आज कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रियंका शुक्ला और एसपी दिव्यांग पटेल ने अपने हाथों प्रशस्ति-पत्र भेंट कर न सिर्फ उनके अदम्य साहस की सराहना ही बल्कि पूरी शिद्दत के साथ सौंपी गई जिम्मेदारियों को बेहतर ढंग से निभाने वाले मतदान कर्मियों के जज्बे को सलाम भी किया। इस दौरान मतदान कर्मचारियों ने अपने अनुभव साझा भी किए। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आज सुबह 11.30 बजे आयोजित सम्मान कार्यक्रम में कलेक्टर ने सभी मतदान कर्मियों की सराहना करते हुए विपरीत हालातों में भी अदम्य साहस के साथ सौंपे गए दायित्व का निर्वहन करने के लिए मुक्तकण्ठ से प्रशंसा की। उन्होंने संवेदनशील इलाकों में कई किलोमीटर पैदल चलकर मतदान केन्द्र पहुंचने वाले तथा हेलीकॉप्टर से पहुंचकर मतदान की प्रक्रिया सफलतापूर्वक निभाने वाले सभी कर्मचारियों को बधाइयां दीं। इस अवसर पर उपस्थित एसपी पटेल ने भी उपस्थित सभी मतदान अधिकारियों के कार्यों की सराहना करते हुए उनके अभूतपूर्व साहस की तारीफ की। इस दौरान अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र के पानीडोबरी मतदान केन्द्र क्रमांक 152 के मतदान अधिकारी अंकालराम ध्रुव व्याख्याता ने बताया कि अतिसंवेदनशील क्षेत्र में यह उनकी तीसरी बार ड्यूटी थी और उनकी टीम को हेलीकॉप्टरसे पोलिंग बूथ पहुंचाया गया था।उन्होंने अपने निर्वाचन से संबंधित दायित्वों के बारे में अपने अनुभव साझा किए। इसी तरह माछपल्ली केन्द्र के मतदान अधिकारी भूपेश यादव सहित सांवलीपरस, कोंगेरा, कुरूषबोड़ी, कड़वे मतदान केन्द्रों के मतदान अधिकारियों ने अपने अनुभव कलेक्टर-एसपी के समक्ष साझा किए।

जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित सम्मान समारोह में हेलीकाप्टर से जाकर मतदान कराने वालों में अंतागढ़ तहसील के मतदान केन्द्र क्रमांक-148 गुड़ाबेड़ा, केसेकोड़ी क्रमांक-149, पानीडोबरी-1 क्रमांक-151, पानीडोबरी-2 क्रमांक-152, कोंगेरा क्रमांक-218, मुल्हे क्रमांक-219, गवाड़ी क्रमांक-220 और किसकोड़ो क्रमांक-221 के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। इसी प्रकार कलेक्टर द्वारा तहसील अंतागढ़ क्षेत्र में पैदल चलकर मतदान कराने वाले अधिकारी-कर्मचारियों में प्राथमिक शाला सावंलीबरस (हुरतराई) मतदान केन्द्र क्रमांक-153, प्राथमिक शाला संबलपुर क्रमांक-133, प्राथमिक शाला पोरोण्डी (मांझीकुरूषबोड़ी-2) क्रमांक 136, प्राथमिक शाला भट्टीपारा आलानार क्रमांक-217 के अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। पखांजूर तहसील के मतदान केन्द्र क्रमांक 71 पाड़ेंगा-1, इरपानार क्रमांक-77, गोपालपुर क्रमांक 78, बेलगाल क्रमांक-85, चितरंजन नगर क्रमांक-91, स्वरूपनगर पीव्ही-62 क्रमांक 121, माचपल्ली क्रमांक-122 और अचीनपुर पीव्ही-94 मतदान केन्द्र क्रमांक-123 के अधिकारी-कर्मचारियों को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर डीएफओ भानुप्रतापपुर जाधव श्रीकृष्ण, जिला पंचायत के सी.ई.ओ. एवं स्वीप के नोडल अधिकारी सुमित अग्रवाल, अपर कलेक्टर द्वय बीएस उइके एवं एस. अहिरवार सहित रिटर्निंग अधिकारी अंतागढ़ ए.एस. पैकरा, सहायक रिटर्निंग अधिकारी विश्वास कुमार सहित अधिकारीगण उपस्थित थे।

**पापी पेट का सवाल...**



**जगदलपुर, 3 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में खरीफविपणन वर्ष 2023-24 में जिले में धान उपार्जन केंद्रों के माध्यम से कृषकों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की जा रही है। जिले के धान उपार्जन केंद्रों की व्यवस्थाओं और धान खरीदी की स्थिति का जायजा लेने के लिए शुक्रवार को कलेक्टर विजय दयाराम के.ने पल्ली, करंजी और बड़ान्जी धान खरीदी केंद्र पहुंचे। इस अवसर पर एसडीएम लोहंडीगुड़ा एम चंद्रा, खाद्य विभाग के घनश्याम राठौर, डीएमओ नान ध्रुव, सहकारी विभाग के रजा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### पीरामल स्वास्थ्य के गांधी फेलोस ने किया स्वास्थ्य जनजागृति कार्यक्रम

**कांकेर, 3 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ में पीरामल स्वास्थ्य फाउंडेशन लम्बे समय से काम रहा हैं। आज ग्राम बेवरती जिला कांकेर मैं स्वास्थ्य जनजागृति कार्यक्रम का आयोजन किया। पीरामल स्वास्थ्य संस्थान के अंतर्गत गांधी फेलोस ने स्कूल के बच्चों और गांव के लोगो विश्व एड्स दिवस के मौके पर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया तथा रैली के माध्यम से जनजागरूक किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर बेवरती गांव के माध्यमिक शाला के प्रधानाचार्य श्री उमाशंकर सलाम तथा शिक्षक गण बसंत कुंजाम, खोमेंद्र कुमार सार्वा, रेमन कुमार साहू, रूखमणी यादव तथा पदमनी निषाद उपस्थिति रहे। पिरामल स्वास्थ्य प्रोग्राम लीडर अमोल बोरकर के मार्गदर्शक में गांधी फेलोज सागर कुमार, आचल चौधरी, पुष्पेंद्र कुमार साहू तथा विनीत कुमार ने इस कार्यक्रम को आयोजित किया।

# सभी उपार्जन केन्द्रों में सुविधाओं का अधिकारी करें निरीक्षण

## गौवंश के लिए चारे का पर्याप्त व्यवस्था करने किसानों को गौठानों में पैरादान के लिए प्रेरित करें : कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर, 3 नवम्बर।** कलेक्टर राजेन्द्र कुमार कटारा ने साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में जिले के समस्त धान उपार्जन केन्द्रों में बुनियादि सुविधाओं की जानकारी लेते हुए सभी नोडल अधिकारियों को धान उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। वहीं गौवंश के लिए पर्याप्त चारे की व्यवस्था हेतु गौठानों में पैरादान हेतु किसानों को प्रेरित कर अधिक से अधिक पैरा एकत्रित करने के निर्देश दिए। विधानसभा निर्वाचन 2023 के अर्न्तगत 03 दिसम्बर को मतगणना हेतु आवश्यक तैयारियों की समीक्षा किया गया। रक्तदान एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन नगरीय क्षेत्रों एवं पंचायत स्तर पर शिविर लगाने रक्तदान हेतु लोगो को जागरूक करने के निर्देश दिए। समस्त आवासीय विद्यालयों में मलेरिया जांच कर पाजिटिव्ह प्रकरणों का समुचित उपचार करने मच्छरदानी का उपयोग सुनिश्चित कराने सहित परिसर को साफसुथरा रखने दवाई छिड़काव के निर्देश दिया गया। बैठक में गोबर खरीदी, वर्मी खाद के उत्पादन, विक्रय, गौमूत्र खरीदी सहित रीपा अंर्तगत संचालित गतिविधियों की जानकारी ली गई। बैठक में संयुक्त कलेक्टर पवन कुमार प्रेमी सहित जिला स्तरीय वरिष्ठ अधिकारीगण समस्त अनुभाग के एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर, तहसीलदार सीईओ जनपद पंचायत एवं नगरीय निकाय के सीएमओ उपस्थित थे।

## पीजी कालेज में एड्स के प्रति जागरूकता लाने विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

# एड्स लाइलाज है, जानकारी ही एक मात्र उपाय : बंजारे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कांकेर, 3 दिसम्बर।** भानुप्रतापदेव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कांकेर में प्राचार्य डॉ. सरला आत्राम के मार्गदर्शन एवं निदेर्शन में रेड रीबन क्लब, राष्ट्रीय सेवा योजना एवं रेड क्रास के सयुक्त तत्वाधान में महाविद्यालय में एड्स के प्रति जागरूकता लाने विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य ने अपने उदबोधन में कहा कि एड्स एक विश्वव्यापी लाइलाज बीमारी जो एच.आई.व्ही वायरस से होता है। एड्स संक्रमित व्यक्ति के साथ असुरक्षित यौन संबंध बनाने से, संक्रमित गर्भवती माता से शिशु को, संक्रमित सुईयों के उपयोग से फैलता है। एच.आई.व्ही. एड्स शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को तेजी से घटा देती है। एड्स से पीडित व्यक्तियों के प्रति समाज में व्याप्त भेदभाव को हमें खत्म करना है तथा उन्हें इस बीमारी से लड़ने में हर सम्भव मदद करना है।

वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ.एस.आर.बांजरे ने कहा एड्स रोग प्रतिरोधक क्षमता को कम करते हुए अन्य तरह के बीमारियों को जन्म देती है। एड्स लाइलाज बीमारी है और इसकी जानकारी ही एक मात्र उपाय है। रेड क्रास प्रभारी प्रो. एन.आर.साव ने एड्स को एक विश्वव्यापी बीमारी बतलाया। एड्स से निदान एवं उन्नमूलन हेतु भारत सहित विश्व स्वास्थ्य संगठन बहुत पहले से प्रयासरत है। उन्होंने विद्यार्थियों से आहवन करते हुए कहा कि इस बीमारी के समूल नाश के लिए अपने स्तर पर भी जागरूकता कार्यक्रम चलाये और अपने आस-पास के लोगों को इस बीमारी के प्रति सावधान रहने को कहे।



रेड रीबन क्लब के द्वारा महाविद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिता आयोजन जिसमें महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। पेंटिग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पायल साहू, बी.एस.सी प्रथम वर्ष द्वितीय स्थान सयद सफ्दर अली, बी.एस-सी. द्वितीय वर्ष, तृतीय स्थान कामांक्षा सुदलवाल एम.ए. प्रथम सेमे., रंगोली प्रतियोगता में प्रथम तमेश्वरी एम.एस.सी प्रथम सेमे., द्वितीय राखी नंदा बी.एस-सी तृतीय, तृतीय स्थान राधिका यादव बी.एस-सी द्वितीय, क्वीज प्रतियोगिता में प्रथम द्विव्या दर्रो बी.एस-सी प्रथम, द्वितीय स्थान दरस्वती जैन बी.एस-सी तृतीय, तृतीय कलेश्वर साहू बी.एस-सी प्रथम, पावर पाइंट प्रजेटेशन में प्रथम स्थान योगेश पटेल एम.एस.सी, द्वितीय निर्मला जैन एम.एस.सी एवं लिलेश्वर दास डी.सी.ए. तृतीय स्थान रहा। सभी विजेताओं को मुमेन्टो और प्रमाण पत्र देकर प्राचार्य द्वारा सम्मानित किया गया।

डॉ.डी.एल.पटेल, समन्वयक रा.से.यो. शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्याल, बस्तर, जगदलपुर ने सभी विजेताओं को शुभकानाए दी एवं महाविद्यालय में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में अधिक से अधिक हिस्सा लेने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। सभी विधाओं में प्रतियोगिताओं हेतु निर्णायक हेतु डॉ.एस.आर.बंजारे, डॉ.डी.एल.पटेल, डॉ. लक्ष्मी लेकाम, डॉ. अर्चना सिंह, डॉ. बसंत नाग, प्रो. सुमिता पाण्डे, डॉ.नेलसन खेस ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## समाचार संक्षेप

### अस्पताल, न्यायालय, शिक्षण संस्थानों व धार्मिक संस्थानों के 100 मीटर परिधि में आने वाले क्षेत्र को शांत परिक्षेत्र घोषित

■ रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक किया गया है पूर्णतः प्रतिबंधित

**बीजापुर, 2 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी राजेन्द्र कुमार कटारा ने उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ के आदेश के अनुपालन में कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिले के सभी अस्पताल, न्यायालय, शिक्षण संस्थानों व धार्मिक संस्थानों के 100 मीटर परिधि के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र को शांत परिक्षेत्र घोषित किया है। जारी आदेश के तहत परिवेशीय ध्वनि पैमाने की सीमा पृथक-पृथक क्षेत्र के अनुसार अलग-अलग निर्धारित की गई है। जिसके तहत औद्योगिक क्षेत्र या परिक्षेत्र के लिए दिन के समय 75 डीबी(ए) एलईक्यू और रात के समय 70 डीबी(ए) एलईक्यू, वाणिज्यिक क्षेत्र या परिक्षेत्र के लिए दिन के समय 65 डीबी(ए) एलईक्यू और रात के समय 55 डीबी(ए) एलईक्यू, आवासीय क्षेत्र या परिक्षेत्र के लिए दिन के समय 55 डीबी(ए) एलईक्यू और रात के समय 45 डीबी(ए) एलईक्यू और शांति परिक्षेत्र के लिए दिन के समय 50 डीबी(ए) एलईक्यू और रात के समय 40 डीबी (ए) एलईक्यू निर्धारित की गई है। इसके साथ ही रात्रि 10 बजे से सुबह 06 बजे तक पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। आदेशानुसार शांति परिक्षेत्र जैसे अस्पताल, न्यायालय, शिक्षण संस्थाएं व धार्मिक संस्थाएं आदि के कम से कम 100 मीटर दूरी तक पटाखे न फोड़े जाए। इसी प्रकार इनसे 100 मीटर की दूरी तक प्रेशर हॉर्न या म्यूजिकल हॉर्न या अन्य किसी भी प्रकार के साउंड एम्प्लीफायर का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित होगा। उक्त आदेश का उल्लंघन अधिनियम की धारा 15 के अधीन दण्डनीय होगा। यह आदेश तत्काल प्रभावशील किया गया है।

### सीजीपीएससी 2023 की तैयारी के लिए बीजापुर कैरियर अकादमी में 60 दिवसीय क्रैश कोर्स

**बीजापुर, 2 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला प्रशासन बीजापुर द्वारा संचालित निशुल्क कोचिंग संस्थान में आगामी 11 फरवरी 2024 को होने वाले राज्य लोक सेवा आयोग प्रारंभिक परीक्षा के लिए 60 दिवसीय क्रैश कोर्स एवं राज्य स्तरीय टेस्ट सीरीज 7 दिसम्बर से प्रारंभ किया जा रहा है जिसमें चयनित अधिकारियों द्वारा मार्गदर्शन एवं मेंटरशिप कार्यक्रम प्रदान किया जाएगा। क्रैश कोर्स में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा 6 दिसंबर 2023 दिन बुधवार को बीजापुर कैरियर एकेडमी, सेंट्रल लाइब्रेरी के पास जैतालूर रोड बीजापुर में आयोजित किया जाएगा। उत्सुक अभ्यर्थी रजिस्ट्रेशन के लिए कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

### विश्व एड्स दिवस पर विद्यालयों में विविध आयोजन



**बीजापुर, 2 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** विश्व एड्स दिवस के मौके पर शासकीय उच्चतर स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम शाला बीजापुर में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा छात्र-छात्राओं के साथ विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमे मुख्य रूप से छात्र-छात्राओं के द्वारा रंगोली प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता एवं प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम में बढ़-चढ़ कर भागीदारी ली। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं जिला एड्स नोडल अधिकारी और सिविल सर्जन जिला अस्पताल बीजापुर के मार्गदर्शन में कार्यक्रम में उपस्थित खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ विकास कुमार गवेल, डीपीएम संदीप ताम्रकार, भरत साहू डीपीसी पीरामल, प्राचार्य प्रभाकर राजा शर्मा, प्रमोद पटेल स्१ड्ढ ष्ह्लद्व-ह्यद्गद्यश्व्, कमलू ताती, लाकेश देशमुख, ओनेश दुर्गम, गोपीनाथ पत्रा, जुबेर आलम एवं अन्य शिक्षकगण भी उपस्थित थे।

### उसूर में 142 लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया एवं 50 लोगों ने किया रक्तदान



**बीजापुर, 2 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर एवं अध्यक्ष भारतीय रेडक्रास सोसायटी बीजापुर राजेन्द्र कुमार कटारा के निर्देशन में रक्तदान एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन ब्लाक एवं नगरीय निकाय स्तर पर किया जा रहा है। इसी क्रम में विकासखण्ड उसूर में आज रक्तदान एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों में उत्साह देखने को मिला उक्त शिविर का आयोजन जनपद पंचायत उसूर के द्वारा किया गया। जिसमें पुरूषों के साथ-साथ महिलाओं ने भी बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। सीईओ जनपद पंचायत उसूर प्रभाकर चन्द्राकर ने बताया शिविर के माध्यम से 95 पुरूष एवं 47 महिलाओं ने स्वास्थ्य परीक्षण का लाभ लिया। वहीं स्वप्रेरित होकर 50 लोगों ने रक्तदान किया जिसमें 4 महिलाएं भी शामिल हैं ज्ञात हो कि कलेक्टर राजेन्द्र कुमार कटारा ने साप्ताहिक समय सीमा की बैठक में समस्त सीईओ जनपद पंचायत एवं सीएमओ नगरीय निकाय को अपने-अपने स्तर पर रक्तदान शिविर का आयोजन कर आपातकालीन स्थिति हेतु पर्याप्त मात्रा में जिला अस्पताल में रक्त की व्यवस्था करने के निर्देश दिए थे। जिसके अन्तर्गत बीजापुर एवं उसूर जनपद पंचायत में शिविर सम्पन्न हुआ। शिविर में एसडीएम उसूर यशवंत कुमार नाग सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### कबाड़ के नाम पर शहरों में हो रही चोरियां

**कांकेर, 2 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** लखनपुरी क्षेत्र में पूरे साल भर से लगातार प्रतिदिन गांव-गांव कबाड़ी के सामान लेने वालों के चलते अब लोगों के घरों से कबाड खत्म होने से लोग अब दूसरों के सामान को बेच दे रहे हैं। लखनपुरी के कानापोंड राजमार्ग सहित चिनौरी, अरौद, भैंसाकट्टा, पलेवा, शाहवाड़ा, जेपरा, हल्बा, किलेपार, गीतपहर, टांहकापार आदि गावों में प्रतिदिन कई लोग कबाड़ के नाम निरंतर घुम रहे हैं। कभी किसी के सायकिल को बेच दिया जाता है, तो कभी किसी के घरों के कोई सामान को। अब तो कबाड के नाम पर चोरियां इतनी बढ गयी है कि लोग कानापोंड़ लखनपुरी में सड़क किनारे नये बनाये जा रहे घरों के कालम से सरिये को काट कर बेच रहे हैं। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क के किनारों पर खडे कई दिशा सुचक, ग्राम सुचक साईन बोर्ड गायब है। गिनती किया जाय तो इससे भी शासन को लाखों का नुकसान सामने आयेगा। जांच की आवश्यकता है। कबाड़ के चलते वैसे तो लोगों के घरों से कई प्रकार की छुटपूट चोरियां हो रही है, लेकिन कानूनी पचडे में ना पडने की सोच के चलते लोग थाने में रिर्पोट दर्ज नहीं करा रहे हैं। लेकिन कबाड़ के नाम घरों, खेतों से लोहे के सामानों की चोरियों को देखते हुए परेशान हो चुके अब क्षेत्र के जागरूक लोगों ने कांकेर कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपने का मन बना लिया है। लोगों का कहना है कि पहले की अपेक्षा गावों में लोगों के घरों से खत्म हो जाने के बावजूद कैसे चार पहिया, दोपहिया वाहनों से एक दिन में कई लोग गली-गली घुम रहे हैं।

## एक नजर

### पीएलजीए सप्ताह के पहले दिन नक्सलियों ने सड़क पर पत्थर रखकर मचाया उत्पात

**नारायणपुर,3 दिसंबर।** पीएलजीए सप्ताह के पहले दिन नारायणपुर ओरछा मार्ग नक्सलियों ने सड़क पर पत्थर रखकर और पर्चे फेककर जमकर मचाया उत्पात. हालांकि सुरक्षा बल के जवानों ने पत्थर हटाकर मार्ग बहाल किया. नक्सल दहशत के चलते आज ओरछा जाने वाली बसें बंद रहेगी. बीते दिनों आईईडी ब्लास्ट में दो मजदूरों की मौत का जिम्मेदार माइनिंग कंपनी के ठेकेदार एचएन झा को बताते हुए नक्सलियों ने जान से मारने की धमकी दी है. यह मामला छोटेडोंगर थाना इलाके का है. बता दें कि नक्सलियों ने 2 से 8 दिसम्बर तक क्रव सप्ताह बनाने का ऐलान किया है. इसको लेकर नक्सलियों ने ग्रामीणों से पीएलजीए सप्ताह मनाने की अपील भी की है।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को न्यायालय से मिली राहत

**बिलासपुर 3 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने एक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के मामले में महिला को नौकरी से वंचित किए जाने पर उसे राहत देते हुए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के रुप में दुर्ग में कार्य दिए जाने का आदेश दिया है। उल्लेखनीय है कि कबीरधाम जिले के बोड़ला ब्लॉक के अंतर्गत बांकी गांव में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भर्ती के लिए विज्ञापन निकाला था। इसमें स्थानीय निवासी को नियुक्ति नहीं दी गई उसके स्थान पर दूसरे गांव की महिला को नियुक्त किया गया। जिस पर आपत्ति करते हुए महिला ने इसकी शिकायत करते हुए आयुक्त कोर्ट में अपील की थी जिसे आयुक्त ने खारिज कर दिया था। उसके बाद महिला ने हाईकोर्ट में अपील की थी। दस्तावेजों को देखने के बाद मामले की सुनवाई करते हुए उच्च न्यायालय ने संभागीय आयुक्त के फैसले को निरस्त करते हुए संध्या मरकाम को आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के रुप में नियुक्त किए जाने का आदेश जारी किया।

### गोंडवाना 6 से 9 व छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस 6 से 10 दिसंबर तक रद्द

**बिलासपुर 3 दिसंबर।** पश्चिम मध्य रेलवे भोपाल मण्डल के भोपाल-इटारसी रेल खंड पर बुदनी-बरखेड़ा (घाट सेक्शन) के मध्य तीसरी लाइन चालू करने के सम्बंध में बुदनी, मिडघाट, चौका एवं बरखेड़ा स्टेशनों पर प्री नॉन/नॉन इंटरलॉकिंग का कार्य किया जाना है। जिसके चलते दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने वाली गोंडवाना और छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस को रद्द किया गया है। 6 एवं 7 दिसम्बर को निज़ामुद्दीन से चलने वाली 12410 निज़ामुद्दीन-रायगढ़ गोंडवाना एक्सप्रेस रद्द रहेगी 8 एवं 09 दिसम्बर को रायगढ़ से चलने वाली 12409 रायगढ़-निज़ामुद्दीन गोंडवाना एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 6, 7 एवं 8 दिसम्बर को कोरबा से चलने वाली 18237 कोरबा-अमृतसर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 8, 09 एवं 10 दिसम्बर को अमृतसर से चलने वाली 18238 अमृतसरङ्क बिलासपुर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 6 से 8 दिसम्बर तक बिलासपुर से चलने वाली 08210 बिलासपुर-कोरबा पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।

### गैस सिलेंडर फटने से मचा हड़कंप इलाके में अफरा-तफरी का माहौल

**राजनांदगांव 3 दिसंबर।** जिले में आगजनी की घटना हुई है. कमला कॉलेज रोड स्थित एक दुकान में शनिवार को गैस सिलेंडर फटने से हड़कंप मच गया। यहां एक के बाद एक दो गैस सिलेंडर फैट गए. घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई. घटना का कारन स्पष्ट नहीं है. पुलिस और दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुँच गई है. बता दें, शहर के कमला सिहारी कॉलेज के पास एक गुमटीनुमा दुकान में गैस सिलेंडर फट गया। मिली जानकारी के अनुसार, बीते शाम करीब 6:15 बजे एक के बाद एक करीब छह सिलेंडर फट गए. घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची. घटना का कारण अब तक पता नहीं चल पाया है. घटना में कितना नुकसान हुआ है इसकी अभी तक कोई जानकारी नहीं है।

# दंतेवाड़ा विधानसभा सीट से भाजपा को 11वें चक्र में 13652 मतों की भारी बढ़त, कमल खिलना तय

## उपचुनाव में हार का कसर सूद समेत निकाला भाजपा ने, भाजपाइयों में खुशी की लहर, समर्थकों ने जय श्री राम के लगाए जयघोष

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 3 दिसंबर।** दंतेवाड़ा विधानसभा चुनाव की मतगणना अभी चल रहा है। दोपहर 2 बजे तक 11वें राउण्ड की गिनती का काम पूर्ण हो चुका है। परिणाम की बात करें तो यहां होने को तो 7 प्रत्याशी मैदान में थे मगर मुख्य मुकाबला यहां कांग्रेस के छबिन्द्र कर्मा और भाजपा के चैतराम अटामी के बीच माना जा रहा था और परिणाम भी इन्हीं दों प्रत्याशियों के बीच होने हैं। सुबह करीब 8 बजे मतपत्रों की गणना में भी बीजेपी आगे रही तो वहीं जैसे जैसे ईवीएम खुलता गया पहले राउण्ड से ही भाजपा को बढत मिलती गई मात्र तीसरे चक्र में ही भाजपा थोडे मतों से पीछे रही उसके बाद सभी चक्रों में बढत बनाती रही। दोपहर 2.30 बजे तक की बात करें तो भाजपा के चैतराम अटामी अपने निकटतम प्रतिद्वंदी कांग्रेस के छबिन्द्र कर्मा से 11वें चक्र के मतगणना तक 13652 वोटों से आगे चल रहे हैं। हर राउण्ड में भाजपा को 1500 से 200 की बढ़त बनती जा रही है जिसे देखकर तो यही अंदाजा लगाया जा सकता है कि 20वें राउण्ड तक भाजपा 15 से 18 हजार वोटों से यहां जीत हासिल कर सकती है। मतगणना से पूर्व ही अनुमान था कि यहां से भाजपा की जीत हो सकती है और अब तक के राउण्ड में आए परिणाम से यह स्पष्ट भी हो चुका है कि दंतेवाड़ा विधानसभा से भाजपा का जीतना अब औपचारिकता मात्र रह गया है। 12 हजार के लंबे चौडे गढढे को पाटना अब कांग्रेस के लिए नामुमकिन सा लगता है। ईधर मतगणना स्थल के बाहर जैसे जैसे बीजेपी की बढत का एलाउंसमेंट होता जा रहा है भाजपा के खेमे में खुशी की लहर दौड रही है। परिणाम भाजपा के पक्ष में आता देख मतगणना स्थल के बाहर जमघट लगाए बैठे कांग्रेसी धीरे धीरे खसकते चले गए और अब आलम यह है कि मतगणना स्थल के बाहर केवल भाजपा के लोग और उनके समर्थक ही रिदखाई पड़ रहे हैं। मतगणना स्थल के बाहर हजारों की तादात में समर्थक भगवा झंडे लिए जय जय श्री नाम के जयघोष लगाकर जीत की खुशी मनाने के लिए बेताब दिखाई पड़ रही है। जैसे जैसे राउण्ड आगे बढता जा रहा है भाजपा की वोट भी बढ रही है और इसी के साथ ही समर्थकों में भी गरमाहट बढती जा रही है। ढोल नगाड़े, मिठाई, झंडे बैनर, आतिशबाजी सब तैयारी हो चुकी है बस विजय घोष का इंतजार समर्थक कर रहे हैं। 10वें राउण्ड की घोषणा के बाद मतगणना स्थल से बाहर निकलकर भाजपा प्रत्याशी चैतराम अटामी ने तरूण छत्तीसगढ संवाददाता से कहा कि हम अपनी जीत के लिए शुरू से ही आश्वस्त रहे हमें मालुम था कि मोदी सरकार की नीति एवं जनकल्याणकारी योजनाओं से जनता खुश हैं और वहीं भुपेश सरकार के भ्रष्ट एवं तुष्टिकरण की नीति से प्रदेश की जनता त्रस्त हो चुकी है इसलिए जनता भाजपा को ही चुनेगी और हुआ भी वही। श्री अटामी ने कहा कि न केवल दंतेवाड़ा सीट बल्कि बस्तर की 9 से ज्यादा सीट भाजपा जीतेगी। प्रदेश में भी बहुमत के आंकडे को भाजपा छु चुकी है और छग में भाजपा की सरकार बननी तय है। श्री अटामी ने कहा कि मोदी सरकार की नीति को जनता देश भर में पसंद कर रही है । छत्तीसगढ, मध्यप्रदेश एवं राजस्थान में भाजपा जीत की हैट्रिक लगाएगी अब कोई भी इसे रोक नहीं सकता।






# रावलमल जैन दंपती हत्याकांडः आरोपी बेटे की फांसी की सजा उम्रकैद में बदली

**बिलासपुर 3 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने शनिवार को एक अहम फैसले में दुर्ग जिले बहुचर्चित रावलमल जैन दंपती हत्याकांड में आरोपी बेटे संदीप जैन के वकील द्वारा की गई याचिका पर सुनवाई के बाद दुर्ग कोर्ट द्वारा दी गई फांसी की सजा को बदल कर उसे उम्रकैद में बदल दिया साथ दो सह अभियुक्तों को दोषमुक्त करते सुनाई गई पांच साल की सजा को खत्म कर दिया।



उल्लेखनीय है कि 1 जनवरी 2018 को दुर्ग के गंजपारा निवासी संदीप जैन ने अपने पिता रावल मल जैन और मां सुरजा बाई की गोली मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने जैन दंपत्ति की हत्या के आरोपी बेटे संदीप को हिरासत में लेकर पूछताछ की, तो उसने बताया था कि उसके पिता रावल मल जैन पुराने ख्यालातों विचारधारा के थे मेरा महिला मित्रों से मिलना उन्हे पसंद नहीं था। जिसको लेकर वे आये दिन उसे अपनी संपत्ति से बेदखल करने की धमकी देते रहते थे इससे व्यथित होकर उसने अपने पिता को मारने की साजिश रची।

संदीप ने पिता की हत्या करने के लिए एक देसी पिस्टल और कारतूस खरीदा था. देसी पिस्टल और कारतूस कालीबाड़ी दुर्ग निवासी भगत सिंह गुरूदत्ता और गुरूनानक नगर दुर्ग निवासी शैलेंद्र सागर ने बेचा था।इस मामले की सुनवाई करते हुए दुर्ग जिला कोर्ट ने संदीप जैन को फांसी की सजा और दोनों सह-आरोपियों को जिला न्यायालय ने पांच-पांच साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई थी। दुर्ग कोर्ट द्वारा सुनाई गई सजा के खिलाफ आरोपी संदीप के वकील ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने मुख्य अभियुक्त संदीप जैन की फांसी की सजा को आजीवन कारावास में बदल दिया है, साथ ही मामले के सह अभियुक्तों को दोषमुक्त करार दिया।

# वैशालीनगर, अहिवारा, दुर्ग शहर एवं दुर्ग ग्रामीण में भाजपा को बढ़त

### पाटन एवं भिलाई में कांग्रेस चल रही आगे

**भिलाई, 3 दिसंबर।** दुर्ग जिले की चार विधान सभा सीटों पर भाजपा ने राऊंडवार बढ़त बनाये रखी है। जबकि दो विधान सभा क्षेत्रों में कांग्रेस प्रत्याशी विजय की ओर बढ़ रहे हैं। दुर्ग शहर, दुर्ग ग्रामीण एवं अहिवारा की कांग्रेस सीट पर बीजेपी ने सेंध लगा दी है वहीं वैशाली नगर की परम्परागत सीट को बीजेपी ने निर्णायक बढ़त बनाये रखी है।

वैशाली नगर विधानसभा में 10वें राउंड तक बीजेपी प्रत्याशी रिकेश सेन को 56637 वोट मिल चुके हैं जबकि कांग्रेस प्रत्याशी मुकेश चंद्राकर को 34504 वोट मिले हैं। इस प्रकार रिकेश सेन 22 हजार 133 वोटों से आगे निकल चुके हैं।

पाटन विधान सभा से मुख्यमंत्री भपेश बघेल ने निर्णायक बढ़त हासिल कर ली है। 11वें वें राउंड की गिनती



तक मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, भाजपा के अपने प्रतिद्वंद्वी विजय बघेल से 10012 वोटों से आगे चल रहे हैं। 11वें राउंड की गिनती तक भूपेश बघेल को 58974 वोट तो विजय बघेल को 48962 वोट मिले हैं।

दुर्ग ग्रामीण से गृह मंत्री ताम्रध्वज



साहू बीजेपी के अपने प्रतिद्वंद्वी से पिछड़ रहे हैं। 6 वें राउंड तक अपने प्रतिद्वंद्वी बीजेपी के ललित चंद्राकर से 7264 वोटों से पीछे चल रहे हैं। 6 वें राउंड तक ताम्रध्वज साहू को 25280 वोट मिले हैं जबकि ललित चंद्राकर को 32544 वोट प्राप्त हुए हैं।

दुर्ग शहर से कांग्रेस के अरुण वोरा बीजेपी से पिछड़ रहे हैं। बीजेपी



के गजेंद्र यादव ने उन्हें 6 वें राउंड तक 21650 वोटों से पीछे कर रखा है। 6 वें राउंड तक गजेंद्र यादव को 39303 वोट मिले हैं जबकि अरुण वोरा को 17653 वोट प्राप्त हुए हैं। इस प्रकार गजेंद्र यादव 21650 वोटों से आगे चल रहे हैं।

भिलाईनगर विधान सभा से कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र यादव ने बीजेपी के अपने प्रतिद्वंद्वी से बढ़त बना ली है। 8 वें राउंड तक अपने प्रतिद्वंद्वी बीजेपी के प्रेमप्रकाश



पाण्डेय से 2966 वोटों से आगे चल रहे हैं। 8 वें राउंड तक देवेंद्र यादव को 35400 वोट मिले हैं जबकि प्रेमप्रकाश पाण्डेय को 32434 वोट प्राप्त हुए हैं।

अहिवारा विधान सभा से भाजपा प्रत्याशी डोमनलाल कोर्सेवाड़ा ने कांग्रेस के अपने प्रतिद्वंद्वी से बढ़त बना ली है। 11वें वें राउंड की गिनती तक भाजपा प्रत्याशी डोमनलाल कोर्सेवाड़ा ने कांग्रेस के अपने प्रतिद्वंद्वी निर्मल कोसरे को 11146 वोटों से पीछे कर रखा है। 11वें वें राउंड की गिनती तक भाजपा प्रत्याशी डोमनलाल कोर्सेवाड़ा को 56676 वोट प्राप्त हुए हैं जबकि निर्मल कोसरे को 45530 मत मिल चुके हैं।

## समाचार संक्षेप

### फर्नीचर दुकान से 11 घन मीटर 380 नग अवैध सागौन चिरान बरामद



**नारायणपुर 3 दिसंबर।** बखरुपारा स्थित फर्नीचर दुकान में वन विभाग ने मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर वनमण्डलाधिकारी के निर्देशन पर छापेमारी कर अवैध रूप से सागौन चिरान का बड़ा जाखीरा पकड़ने में सफलता मिली है। फर्नीचर में इस्तेमाल लकड़ी से संबंधित दस्तावेज संचालक को पेश करने के लिए कहा गया दस्तावेज उपलब्ध नही करवा सका। बीती रात भर वन विभाग और पुलिस बल के द्वारा जांच में अवैध रूप से लकड़ी होना पाया गया। शनिवार सुबह छापेमार कार्रवाई पूरी कर 380 नग 11 घन मीटर अवैध सागौन चिरान बरामद कर जब्त किया गया है।

### छत्तीसगढ़ में कल से तीन दिनों तक होगी बारिश



**रायपुर 3 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ में एक बार फिर मौसन ने का मिजाज बदलने वाला है। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के साथ ही चक्रवात के चलते प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में सोमवार से हल्की से मध्यम वर्षा के आसार है। बस्तर क्षेत्र में तो आज भी वर्षा के आसार है। मौसम विभाग का कहना है कि अधिकतम व न्यूनतम तापमान में विशेष बदलाव नहीं होगा। इन दिनों पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से अधिकतम व न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी हो रही है,इसके चलते ठंड थोड़ी कम है। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि अभी बादल छाए रहने के साथ ही हल्की वर्षा भी हो रही है। कुछ दिनों में जैसे ही मौसम साफ होगा,ठंड में भी एकाएक बढ़ोतरी होगी। छह दिसंबर के बाद से ठंड में बढ़ोतरी की उम्मीद है। प्रदेश भर में शनिवार को नारायणपुर सबसे ठंडा रहा। कृषि विज्ञान केंद्र नारायणपुर में न्यूनतम तापमान 13.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। रायपुर में अधिकतम तापमान 32.2 डिग्री और न्यूनतम 20.4 डिग्री दर्ज किया गया। अधिकतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री ज्यादा और न्यूनतम तापमान सामान्य से पांच डिग्री ज्यादा रहा।

### फिर बढ़ी रेल यात्रियों की मुश्किलें, रायपुर से गुजरने वाली पांच और ट्रेनें रद्द

**रायपुर,3 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ में ट्रेनें रद्द होने का सिलसिला लगातार जारी है। रेलवे आए दिन किसी न किसी बहाने यात्री गाड़ियो को रद्द कर रही है। इसी बीच यात्रियों की मुश्किलें खड़ी करने के लिए रेलवे ने एक बार फिर पांच और ट्रेनों को रद्द कर दिया है। कल जहां रेलवे ने 48 ट्रेनों को रद्द किया था वहीं, आज फिर पांच और ट्रेनों के रद्द होने से यात्रियों को आने-जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। दरअसल, भोपाल-इटारसी रेल खंड पर तीसरी रेल लाइन का काम चल रहा है, जिसके चलते ये ट्रेनें रद्द हुई हैं। पश्चिम मध्य रेलवे भोपाल मण्डल के भोपाल-इटारसी रेल खंड पर बुदनी-बरखेड़ा (घाट सेक्शन) के मध्य तीसरी लाइन चालू करने के सम्बंध में बुदनी, मिडघाट, चौका एवं बरखेड़ा स्टेशनों पर प्री नॉन/नॉन इंटरलॉकिंग का कार्य किया जाना है । जिसके चलते दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने/गुजरने वाली कुछ गाडियाँ प्रभावित रहेगी 7 जिसका विवरण नीचे दिया गया है ।



## शराब दुकान की सुरक्षा की जिम्मेदारी निजी सुरक्षा एजेंसी के लाठीधारक सुरक्षाकर्मियों पर

# शराब दुकानों की सुरक्षा को लेकर विभाग गंभीर नहीं

**जांजगीर - चांपा ।** जिले में देसी और अंग्रेजी मिलाकर 66 सरकारी शराब दुकानें संचालित हैं। शराब दुकानों की सुरक्षा की जिम्मेदारी निजी सुरक्षा एजेंसी के लाठीधारक सुरक्षाकर्मियों के ऊपर है। जबकि जिले के शराब दुकानों में डकैती, लूट और हत्या जैसे संगीन अपराध हो चुके हैं। इसके बाद भी शराब दुकानों की सुरक्षा ताक पर है। वारदातों के बाद भी आबकारी विभाग शराब दुकानों की सुरक्षा को लेकर गंभीर नहीं है।जिले के शराब दुकान की सुरक्षा की जिम्मेदारी निजी सुरक्षा एजेंसी के लाठीधारक सुरक्षाकर्मियों के कंधे पर है। शराब दुकानों की सुरक्षा को लेकर आबकारी विभाग गंभीर नहीं है। शराब दुकानों में डकैती , लूट की वारदातें आए दिन होती रहती है। मगर अब वहां की सुरक्षा में तैनात सुरक्षाकर्मी भी सुरक्षित नहीं है। पिछले दिनों 4 नवंबर की रात्रि सिवनी चांपा के देसी शराब दुकान के सामने सो रहे दो सुरक्षाकर्मियों की अज्ञात व्यक्ति द्वारा टांगी मारकर हत्या कर दी गई। हथनेवरा निवासी यदुनंदन पटेल (23) और पिसौद निवासी जयकुमार सूर्यवंशी (25) एसआईएस निजी सुरक्षा कंपनी के सुरक्षाकर्मी थे। दुकान के सामने लगे सीसीटीवी में कैद घटना में रात करीब 1.30 बजे एक अज्ञात व्यक्ति पहुंचा और सो रहे यदुनंदन पटेल और जयकुमार सूर्यवंशी के सिर पर टांगी से



वार कर हत्या कर दी। जिससे दोनों की मौत हो गई। मगर घटना के 25 दिनों बाद भी पुलिस के हाथ खाली है। चांपा सिवनी के शासकीय शराब दुकान में हुए लूट एवं दो सुरक्षा कर्मियों की हत्या के बाद जिले के पामगढ़ के ससहा गांव के देसी शराब दुकान में 28 नवंबर की रात रात 9 बजे के करीब बाइक में सवार तीन नकाबपोश युवक शराब भट्ठी में पहुंचे और बंदूक की नोक पर शराबभट्ठी में लूट की कोशिश कर रहे थे। इसी दौरान भट्ठी के कर्मचारी सतर्क हो गए और नकाबपोश युवकों की हरकतों को देखकर दरवाजा बंद कर दिया। इसके बाद लुटेरों ने हाथापाई करते हुए लूट की कोशिश की। इस बीच नकाबपोश में से एक ने एयर गन से फायर भी किया लेकिन हाथ दरवाजा में फंसे होने के कारण गोली दिवाल में लगी और कर्मचारियों के द्वारा हल्ला मचाने पर लूटेरे भाग निकले। जिले में देसी और अंग्रेजी मिलाकर 66 सरकारी शराब दुकानें संचालित हैं। इन शराब दुकानों में सुरक्षा के लिए निजी सुरक्षा कंपनी के दो ङ्क दो लाठीधारी सुरक्षाकर्मियों के भरोसे है। सिवनी में सुरक्षा कर्मियों की हत्या और ससहा में लूट की कोशिश जैसे संगीन अपराध होने के बाद भी शराब दुकानों की सुरक्षा को लेकर विभाग गंभीर नहीं है। सात साल पहले 26 नवंबर 2017 को शराब दुकानों से बिक्री की राशि कलेक्शन करने वाली कंपनी राइटर सेफ गार्ड के चांपा स्थित आफिस में 5 अज्ञात नकाब पोश लूटरों ने वहां के कर्मचारी से बंदूक की नोक पर 63 लाख रूपये की डकैती की थी। पुलिस चार माह तक आरोपितों की खोजबीन में लगी रही। जिले के इस सबसे बड़े डकैती कांड का मास्टर मांइड कोरबा जिले के एक ढाबा संचालक हाजी मेमन और वहां के जामा मस्जिद के इमाम बिहार निवासी मोहर्रम अली उर्फ खुश्तर रब्बानी निकला था। बिहार से अन्य आरोपितों को बुलाकर इस कांड को अंजाम दिया गया था। मामले में करीब दर्जनभर से अधिक आरोपितों की गिरफ्तारी हुई थी।

जिले में देसी और अंग्रेजी मिलाकर 66 शराब दुकानें संचालित हैं। इनमें निजी कंपनियों के सुरक्षाकर्मी तैनात हैं। इनके पास हथियार नहीं होता है, ये डंडा लेकर शराब दुकानों की रखवाली करते हैं। बंदूक धारी सुरक्षा कर्मियों की तैनाती राज्य स्तर का मामला है।

**प्रवीण वर्मा,जिला आबकारी अधिकारी**

## एक नजर

### अंतरराष्ट्रीय स्तर के बैडमिंटन खिलाड़ी हर्षित ठाकुर ने हासिल की जीत

**कोरबा, 3 दिसम्बर।** एनटीपीसी कोरबा द्वारा समर्थित अंतर्राष्ट्रीय स्तर के बैडमिंटन खिलाड़ी अब ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी चैंपियनशिप और खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के लिए हुए योग्य बिलासपुर जिला बैडमिंटन एसोसिएशन द्वारा बिलासपुर में आयोजित 22वीं राज्य सीनियर रैंकिंग बैडमिंटन टूर्नामेंट 2023 में अंतरराष्ट्रीय स्तर के बैडमिंटन खिलाड़ी हर्षित ठाकुर ने जीत हासिल की। पुरुष एकल का फाइनल रायपुर के रौनक चैहान और कोरबा के हर्षित ठाकुर के बीच खेला गया। हर्षित विजेता बने। हर्षित ने बैडमिंटन की दुनिया में एक असाधारण रास्ता बनाया है और विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी भारत का प्रतिनिधित्व किया है। उनकी कहानी लचीलेपन और दृढ़ संकल्प की है, जो हमें बाधाओं के बावजूद अपने सपनों को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करती है। हर्षित ठाकुर को एनटीपीसी कोरबा की नैगम सामाजिक डाइत्व्य के अंतर्गत (सीएसआर) प्रशिक्षित किया जा रहा है। एनटीपीसी कोरबा द्वारा समर्थित हर्षित ठाकुर ने हाल ही में 24 से 29 नवंबर 2023 तक चंडीगढ़ में आयोजित नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी बैडमिंटन चैंपियनशिप में रजत पदक भी जीता।

### मानिकपुर पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर चोर को किया गिरफ्तार

**कोरबा, 3 दिसम्बर।** पुलिस अधीक्षक कोरबा श्री जितेन्द्र शुक्ला के दिशा निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक वर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक श्री भूषण एक्का एवं थाना प्रभारी कोतवाली श्री रूपक शर्मा के मार्गदर्शन व चैकी प्रभारी मानिकपुर प्रेमचंद साहू के नेतृत्व में मानिकपुर पुलिस द्वारा दिनांक 01६12६2023 को चोरी किये गए 11 नग स्पोर्ट्स साइकिल और 1 नग मोटर साइकिल को जप्त करने में सफलता प्राप्त हुई है। 1 दिसम्बर को सुचना प्राप्त हुई कि भदरापारा बालको निवासी भूपेश साहू उर्फ राहुल साहू चोरी के साइकिल और मोटर साइकिल को बेचने के लिए मानिकपुर क्षेत्र में ग्राहक तलाश रहा है। उक्त सूचना पर आरोपी भूपेश साहू को रेलवे कॉलोनी में घेराबंदी कर पकड़ा गया और उसके बताये जगहों से 11 नग स्पोर्ट्स साइकिल और एक मोटरसाइकिल भ्थ् डीलक्स क्र ब्ळ 12 ।भ् 4103 को बरामद कर 1(1)(4)६379 द प्र स के तहत कार्यवाही कि गई है।

### स्कूल मैदान में प्रैक्टिस कर रहे शिक्षक और छात्रों पर मधुमक्खियों का हमला

**बालोद, 3 दिसंबर।** स्कूल मैदान में खेल की प्रैक्टिस कर रहे शिक्षक और छात्र-छात्राओं पर मधुमक्खियों ने हमला बोल दिया. दिव्यांग शिक्षक समेत 25 छात्र-छात्राएं जख्मी हो गए, जिन्हें 108 के माध्यम से इलाज के लिए सामुदायिक केंद्र ले जाया गया. दिव्यांग शिक्षक की हालत नाजुक बताई गई है. घटना बालोद जिले के डौंडी विकास खण्ड के नर्राटोला प्राथमिक स्कूल की है. बताया जा रहा है कि मधुमखियों के छत्ते को किसी पक्षी ने चोंच मार दिया गया, जिसके बाद वहीं खेल मैदान में खेल रहे छात्र-छात्राओं और शिक्षकों पर मधुमक्खियों ने हमला कर दिया. घटना की सूचना मिलते ही डौंडी शिक्षा विभाग के बीआरसी सच्चिदानंद शर्मा अस्पताल पहुंचे और बच्चों और शिक्षक की जानकारी लेते हुए चेकअप करवाया।

### पुलिस ने युवक पर बरसाए डंडे शरीर पर जख्म के निशान

**सारंगढ़-बिलाईगढ़,3 दिसंबर ।** युवक पर खाकी के जुल्म बरपाने का मामला सामने आया है. जहां एक युवक ने आरक्षक पर मारपीट करने का आरोप लगाया है. युवक के शरीर पर जख्म के निशान भी हैं. पीड़ित ने मामले की शिकायत एसपी से की है. एसपी ने मामले में संज्ञान लेते हुए पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया है. बता दें कि, शहर के दुकानदार खिलेश्वर दास ने पुलिस पर मारपीट का आरोप लगाया है. पीड़ित ने शिकायत में बताया कि, गुरुवार की रात करीब 9 बजे तुर्की तालाब के पास पुलिस आरक्षक राठौर जबरन उसे कोतवाली थाना ले गया, जहां उसके साथ जमकर मारपीट की. इस दौरान सोने की बाली और करीब 12 हजार नगद रुपये गुम हो गए।

# धारदार हथियार से हमला करने वाला बंदी

## घायल व्यक्ति पर आरोपी ने डीजल डालकर जिंदा जलाने का किया था प्रयास



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 3 दिसम्बर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक झा द्वारा झगड़ा लड़ाई मारपीट करने वाले एवं गंभीर अपराध मे संलिप्त लोगो पर त्वारित कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिये गये थे जिसके पालन मे अति0 पुलिस अधीक्षक एंव अनुविभागीय अधिकारी पुलिस आशीष अरोरा भाटापारा के मार्ग दर्शन मे थाना प्रभारी थाना सिमगा निरीक्षक मंजूलता राठौर के कुशल नेतृत्व में थाना सिमगा के अपराध क्रमांक 375/2023 धारा 307 भादवि 25 आर्म्स एक्ट के आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

मामले का विवरण इस प्रकार है प्रार्थी संतोष यादव पिता जनक राम यादव उम्र 37 साल साकिन दामाखेड़ा थाना सिमगा ने थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 1 दिसम्बर के रात्रि में इसके भाई किशन यादव को आरोपी टिकेश्वर साहू उर्फ छोटू ने गाड़ी बनाने जाना है कहकर फोन से बुलाया और अपने मो0 सा0 में पीछे बैठाकर अड़बंधा मार्ग प्रवेश द्वार के आगे ले जाकर रोड पर तलवार जैसे हथियार से जान से मारने डालने की नियत से किशन यादव के सिर एवं चेहरा में प्राण घातक हमला किया है जिससे किशन यादव के सिर एवं चेहरा व दोनो हाथ में गंभीर चोंट लगकर खुन बहने लगा जान बचाने के लिये भागने लगा तो छोटू इसे सामने खेत में गिराकर हाथ मुक्का से मारपीट किया और मो0 सा0 के डिक्की में रखे एक प्लास्टिक डिब्बा में रखे डिजल को जलाने के लिये इसके शरीर के उपर डिजल डाला तब यह डरकर जे एन पेट्रोल पम्प अड़बंधा पहुंचा। टिकेश्वर साहू उर्फ छोटू द्वारा मारपीट कर मो0 सा0 से भाग गया। इसको गांव सरपंच पति पूरन देवांगन से जानकारी मिलने पर तत्काल जे एन पेट्रोल पम्प अड़बंधा जाकर देखा तो इसका भाई खुन से लथपथ घायल अवस्था में था बातचीत कर रहा था जिसे तुरंत ईलाज हेतु पूरन देवांगन के गाड़ी से सरकारी अस्पताल सिमगा लेकर गये जहां डॉ0 साहब द्वारा चेक करने बाद डाक्टर साहब द्वारा रायपुर जाने के लिये बोले तब 108 एम्बुलेंश से मेकाहारा अस्पताल रायपुर ले जाकर भर्ती किये कि रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना दौरान प्रार्थी एवं गवाहो कथन लेखकर आरोपी की पतासाजी हेतु तत्काल टीम गठित कर रवाना होकर आरोपी टिकेश्वर साहू उर्फ छोटू की पता तलाश कर रायपुर से हिरासत में लेकर पुछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किया व घटना में प्रयुक्त आला जरर को मेमोरण्डम कथन लेकर विधिवत जप्त किया गया। आरोपी टिकेश्वर साहू उर्फछोटू पिता हेमसिंग साहू उम्र 23 साल साकिन दामाखेड़ा थाना सिमगा जिला बलौदाबाजार भाटापारा के विरूद्ध अपराध घटित करना साक्ष्य सबूत पाये जाने से विधिवत 2 दिसम्बर को गिरफ्तार किया गया व 3 दिसम्बर को न्यायिक रिमाण्ड पर भेज दिया गया।

सम्पूर्ण कार्यवाही निरीक्षक मंजूलता राठौर थाना प्रभारी सिमगा के मार्गदर्शन में उनि किशुन कुमार कुंभकार, सउनि एस0के0 कुरैशी, प्रआर संतोष वर्मा, आरक्षक अरविंद कौशिक, बिरेन्द्र सिन्हा, लोकेश डडेसना, युगल ध्रुव, असीत टोप्पों, आकाश टोप्पों, खुलेश्वर पटेल, नाथुराम निषाद एवं समस्त थाना स्टाफ का विशेष योगदान है।

# ग्राम हथबंद में लाखों के जुए का पर्दाफाश, 10 आरोपी गिरफ्तार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 3 दिसम्बर।** अवैध रूप से चल रहे जुआ सट्टा के विरूद्ध कार्यवाही पर त्वरित रोकथाम हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के आदेशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार एंव अनुविभागीय अधिकारी पुलिस भाटापारा के निर्देशन पर ताश पत्ती नामक जुआ खेल रहे जुआडियानो पर सक्त कार्यवाही करने का दिशा निर्देश दिया गया था, जिसके तारतम्य में दिनांक 01/11/2023 को मुखबिर से प्राप्त सूचना पर थाना प्रभारी अजय झा, सउनि जगदेव कुमार साहू, पीआर. 119 अश्वनी वर्मा, रक्षक 592 प्रदीप शर्मा, 757 कमल बर्मन, 809 प्रशांतधर दीवान, 887 नंदकिशोर वर्मा की टीम द्वारा ग्राम हथबंद में जुआ खेल रहे सभी 10 आरोपियों को सार्वजनिक जुआ अधिनियम 13 जुआ अधिनियम एवं 4, 5 छ.ग. जुआ अधिनियम 2000 अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर कार्यवाही करते हुए रिमांड पर भेजा गया। इस दौरान कार्रवाई में पुलिस टीम द्वारा आरोपियों से 52 पत्ती ताश एवं ?1, 22, 000 नगद जप्त किया गया है।

#### जुआड़ियों के नाम

- » टेकराम विश्वकर्मा पिता परषोत्तम विश्वकर्मा उम्र 32 वर्ष साकिन ब्राम्हण पारा हथबंद,
- » कृष्णा चतुरे पिता उमाशंकर उम्र 22 वर्ष साकिन सतनामी पारा हथबंद
- » राजेन्द्र बघेल पिता प्रेमलाल बघेल उम्र 32 वर्ष साकिन हथबंद,
- » राजा साहू पिता देवलाल उम्र 22 वर्ष साकिन धोधा,
- » भुषण पिता लालू राम वर्मा उम्र 52 वर्ष साकिन हथबंद,
- » अशोक दुबे पिता श्याम लाल दुबे उम्र 54 वर्ष साकिन हथबंद,
- » नीतेश पिता लालमन प्रसाद पाठक उम्र 38 साल साकिन हथबंद.
- » छत्रपाल बघेल पिता दिलीप सिंह उम्र 47 वर्ष साकिन हथबंद,
- » जितेन्द्र पिता रोहित तुरकाने उम्र 21 वर्ष साकिन धोधा,
- » संदीप साहू पिता भरत साहू उम्र 20 साल साकिन धोधा थाना हथबंद

# लंबे समय से फरार लूट का आरोपी पकड़ाया



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 3 दिसम्बर।** 17 मार्च को प्रार्थी तातेश घृतलहरे साकिन नवागांव टेकारी थाना मस्तूरी जिला बिलासपुर हाल मुकाम हथनी पारा भाटापारा शहर ने पुलिस सहायता केन्द्र हथबंद उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि प्रार्थी ग्राम धोधा से कुकराचुंदा रोड मैदान के आगे 14 मार्च को 14.30 बजे प्रार्थी अपने काम से पेण्ड्री, भिलौनी से वापस भाटापारा आते समय ग्राम धोधा से कुकराचुंदा के मध्य मैदान के आगे दो मोटर सायकल सवार 06 अज्ञात व्यक्ति के द्वारा प्रार्थी का रास्ता रोककर डरा धमकाकर उसके बैग मे रखे 2000/रू एवं दो नग मोबाईल कीमती 20,000/- रूपये को लूटकर ले जाने की रिपोर्ट पर थाना सिमगा मे अपराध क्र. 124/2023 धारा 392, 34 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था।

विवेचना दौरान मामले की गंभीरता को देखते हुये वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार एवं एसडीओपी भाटापारा आशीष अरोरा के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी हथबंद निरीक्षक अजय झा के नेतृत्व में आरोपीयो का हरसंभव पता तलाश कर प्रकरण के आरोपीयो 01. नवीन पाठक पिता श्रवण पाठक उम्र 22 साल, 02. राहूल जांगडे पिता दिनेश जांगड़े उम्र 22 साल 03. राजेश वर्मा पिता शिवकुमार उम्र 22 साल, 04. नीरज यादव पिता रूपराम उम्र 18 साल सभी साकिनान ग्राम बोईरझिटी थाना नेवरा तिल्दा जिला रायपुर को ग्राम बोईरझिटी, हिरमी, जामुल एवं रायपुर से हिरासत में लेकर थाना लाकर पूछताछ कर जुर्म स्वीकार करने से गिरफ्तार कर न्यायालय पेश कर जेल दाखिल किया गया।

आरोपीयो के नाम नवीन पाठक पिता श्रवण पाठक उम्र 22 साल, राहूल जांगडे पिता दिनेश जांगड़े उम्र 22 साल, राजेश वर्मा पिता शिवकुमार उम्र 22 साल, नीरज यादव पिता रूपराम उम्र 18 साल सभी साकिनान बोईरझिटी थाना नेवरा तिल्दा जिला रायपुर। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक अजय झा, सउनि नेतराम पटेल, आरक्षक प्रशांतधर दीवान, धर्मेन्द्र यादव, कमलेश बर्मन, भारत बंजारे का विशेष योगदान रहा।

# चोरी का आरोपी गिरफ्तार

## चोरी गये मोबाइल व घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल जब्त

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 3 दिसम्बर।** जिले में अपराधों की त्वरित रोकथाम हेतु वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी अमित तिवारी के दिशा निर्देश में थाना सिटी कोतवाली के अपराध क्र 957/2023 धारा 379, 34 भादवि के आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया

मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थी थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 8 नवम्बर के शाम करीबन 05.00 बजे मै बलौदाबाजार से अपने घर ग्राम कंजी जा रहा था, बंशराज तिवारी चौक बलौदाबाजार के पास पहुंचा था तभी दो अज्ञात व्यक्ति मोटर सायकल से मेरे पास आये और राजा सेल दुकान का पता पुछा और बोला कि मेरा भाई वहीं काम करता है, उसे फोन लगाना है बोलकर मुझे नंबंर बताकर फोन लगाने के लिए बोला तब मै उनके भाई को अपने मोबाईल फोन से फोन लगाया और फोन में मै बात कर रहा था उसके बाद मोटर सायकल के पीछे बैठे व्यक्ति को फोन में बात करने के लिए अपना मोबाईल फोन को दिया तो मेरा मोबाईल फोन लेकर बात करते हुए वह अज्ञात आदमी अपने साथी के साथ मेरा फोन लेकर मोटर सायकल से भाग गया। आस पास के लोगो से पुछताछ किया पता नही चला अज्ञात दो व्यक्ति के द्वारा भीड का फायदा उठाकर मेरे मोबाईल फोन पोको कंपनी पुरानी इस्तेमाली किमती करीबन 8000 रूपये को चोरी कर भाग गये की रिपोर्ट पर अपराध कामय कर विवेचना में लिया गया बाद विवेचना दौरान



मुखबीर सूचना पर माल मुल्जिम का पता तलाश कर आरोपी विरेन्द्र चतुर्वेदी पिता संतोष चतुर्वेदी उम्र 27 साल साकिन लटुवा थाना सिटी कोतवाली को घटना के संबंध में पुछताछ कर मेमोरण्डम कथन लिया जो अपने मेमोरण्डम कथन मे अपने दोस्त के साथ जुर्म करना स्वीकार किया है। आरोपी के मेमोरण्डम कथन के आधार पर चोरी गये पोको कम्पनी का मोबाईल व घटना मे प्रयुक्त मोटर सायकल हिरो होण्डा ॥स्न डिलक्स क्रमांक छ्त्र22रू6657 को जप्त किया गया है तथा आरोपी को आज दिनांक 01/12/2023 को गिरफ्तार कर न्यायालय मे पेश कर जेल भेजा गया है। उपरोक्त कार्यवाही में प्रआर. 223 अंशुमान पाण्डेय व पेट्रोलिंग पार्टी का विशेष योगदान रहा।

# धान के अवैध भण्डारण व परिवहन पर कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दन्तेवाड़ा, 3 दिसम्बर।** जिला खाद्य विभाग द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार जिले में 01 नवंबर से धान खरीदी शुरू हो गई है। इसके साथ ही पड़ोसी जिले और राज्यों से धान के अवैध परिवहन हेतु जिले के सीमा में जांच नाका स्थापित कर लगातार निगरानी की जा रही है। कलेक्टर श्री विनीत नंदनवार के मार्गदर्शन में जिले के अंदर ही अवैध धान भण्डारण एवं खरीदी बिक्री पर खाद्य विभाग द्वारा लगातार जांच किया जा रहा है। इस क्रम में 30 नवंबर को खाद्य विभाग एवं मंडी विभाग द्वारा संयुक्त रूप से गीदम के व्यापारियों के यहां जांच की गई। जांच में मेसर्स सुराना ट्रेडिंग कंपनी, बारसूर रोड गीदम के परिसर में जांच कर धान 1150 क्विंटल, मक्का 14 क्विंटल पाया गया, जिसके संबंध में उपस्थित मुंशी अनिल वेक द्वारा पर्याप्त दस्तावेज नहीं उपलब्ध कराने पर मंडी अधिनियम 1972 के अधीन धान 1150 क्विंटल जप्त किया गया। इसी प्रकार मेसर्स जे.एम.बी. कोल्ड स्टोरेज परिसर की भी जांच की गयी, जहाँ 659 क्विंटल धान पाया गया, जिसके संबंध में रसीद प्रस्तुत किया गया, परन्तु स्टॉक रजिस्टर, बी-1 पंजी अद्यतन नहीं होन एवं स्टॉक मिलान नहीं होने के कारण 659 क्विंटल धान जप्त कर कार्यवाही किया गया। इस संबंध में जिला खाद्य अधिकारी श्री कीर्ति कौशिक ने बताया कि खाद्य निरीक्षक श्री अमित तिवारी, प्रमोद सोनवानी, सचिन धृतलहरे एवं मंडी निरीक्षक श्री यादव के द्वारा प्रथमतया दस्तावेज उपलब्ध नहीं होने पर इस कार्यवाही के दौरान कुल धान 1809 क्विंटल को जप्त किया गया है।



### मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान

# नदी पार कर रेवाली पहुंचा स्वास्थ्य अमला



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दन्तेवाड़ा, 3 दिसम्बर।** जिले में मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान का 9वां चरण 28 नवम्बर से चलाया जा रहा है, जिसके तहत जिले की विभिन्न पहुंचविहीन एवं सुदूर ग्राम में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा घर-घर पहुंचकर सर्वे कर ग्रामीणों को मलेरिया की जांच की जा रही है। इसके लिए विभाग के द्वारा दूरस्थ इलाकों का चयन किया गया है, जहां सघन तौर पर मलेरिया का जांच किया जा रहा है।

इसी क्रम में आज विकासखंड कुआकोंडा अंतर्गत ग्राम रेवाली के ताड़ पारा पहुंच कर स्वास्थ्य दल के द्वारा ग्रामीणों की मलेरिया की जांच की गई। रेवाली के ताड पारा तक पहुंचाने के लिए स्वास्थ्य दल को नदी नाले पार कर लगभग 6 किलोमीटर तक पैदल चलना पड़ा किंतु मलेरिया मुक्त दंतेवाड़ा बनाने के लिए संकल्पित स्वास्थ्य दल ने वहां पहुंचकर 124 ग्रामीणों की मलेरिया की जांच किया जिसमें 5 मरीज मलेरिया किट पॉजिटिव पाए गए, जिन्हें तत्काल मलेरिया की दवा खिलाई गई साथ ही मलेरिया के बचाव हेतु नियमित रूप से मच्छरदानी का उपयोग करने को कहा, साथ ही अपने आसपास गड्ढे, पुराने बर्तन, टायर में पानी का ठहराव न करने की सलाह दी गई। इस दौरान सी एच ओ सत्यवान नाग, आर एच ओ सोहिता बाई, राजकुमार कश्यप, मितानिन सुक्की सहित स्वास्थ्य दल मौजूद थे।

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं PARAMJEET SINGH पिता SURJEET SINGH उम्र 31 वर्ष निवासी 88, सुन्दर नगर कृष्णा पब्लिक स्कूल के पास वैशालीनगर भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छग) जिसके नाम पर छग शासन का ड्राइविंग लाइसेंस जिसका लइसेंस क्रमांक छ्त्र 07 20110018377 है जो कि मेरे नाम पर पंजीकृत है, जिसमें मेरा नाम PARAMJEET SINGH KAPUR, मेरे पिता का नाम SURJEET SINGH KAPUR दर्ज है। जबकि मेरे समस्त स्कूली दस्तावेजों, आधार कार्ड 265058798295, पेन कार्ड आदि में मेरा नाम PARAMJEET SINGH, दर्ज है जो की सही व सत्य है। एवं जहाँ भी आवश्यकता होती है इसी नाम का उपयोग करता हूं। यह कि PARAMJEET SINGH KAPUR एवं PARAMJEET SINGH दोनों नाम मेरे ही अर्थात एक ही व्यक्ति के हैं एवं इसी प्रकार SURJEET SINGH KAPUR एवं SURJEET SINGH दोनों नाम मेरे पिता के ही हैं अर्थात एक ही व्यक्ति के हैं। अतः अब मुझे मेरे नए नाम PARAMJEET SINGH के नाम से जाना एवं पहचाना जाए।

**PARAMJEET SINGH**

### बस्तर के बारसूर के पुरातात्विक महत्व को संरक्षित करने विश्व हेरिटेज सप्ताह

# स्कूली बच्चों को कराया गया हेरिटेज वॉक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा, 3 दिसम्बर।** बस्तर की पुरातात्विक पहचान और धरोहर को संरक्षित और उसके महत्व को समझाने ''विश्व हेरिटेज सप्ताह'' पर दंतेवाड़ा के बारसूर में स्कूल के बच्चों को ''हेरिटेज वॉक'' कराया गया। जिसमें लगभग 170 से अधिक बच्चों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम को जिला प्रशासन दंतेवाड़ा एवं शिक्षा विभाग के सहयोग से ''अनएक्सप्लोर्ड बस्तर'' एवं बारसूर पर्यटन समिति के तत्वाधान के तहत किया गया।

इस दौरान पर बच्चों को बारसूर स्थित 11वीं शताब्दी के पुरातात्विक मंदिरों के इतिहास तथा उसके महत्वों के बारे में बताया गया। इन मंदिरों में बत्तीसा मंदिर





दंतेश्वरी, मामा भांजा, सोलह खंबा, गणेश मंदिर एवं चन्द्रादित्य मंदिर शामिल है। इस कार्यक्रम के दौरान बच्चों के बीच काफी उत्साह देखा गया साथ ही हेरिटेज वॉक से जुड़े प्रश्न पूछे गये जिसके उपरांत उने पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर बच्चों ने भी जिज्ञासा और सक्रिय भागीदारी दर्शाते हुए साबित किया कि पुरातन विरासत को समझने और संरक्षित करने में भी उनका भी योगदान हो सकता है। ''अनएक्सप्लोर्ड बस्तर'' के टीम से हुई बात-चीत के दौरान टीम ने बताया कि ''हेरिटेज वॉक'' न केवल स्थानीय धरोहर को बढ़ावा देने में मदद करता है, बल्कि इन बच्चों में इस प्रकार के ऐतिहासिक स्थलों के प्रति संरक्षण की भावना को जागृत करने में मदद करता है। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि ऐसे सांस्कृतिक एवं शैक्षिक पहल के माध्यम से हम नए पीढ़ियों को हमारी धरोहर के प्रति संवेदनशील बनाकर उन्हें समृद्ध और सामर्थ्यपूर्ण समाज के नेतृत्व की दिशा में बढ़ावा दे सकते हैं। उल्लेखनीय है कि ''अनएक्सप्लोर्ड बस्तर'' द्वारा चलाये जा रहे मोचों धरोहर प्रोग्राम के अंतर्गत बस्तर समेत संपूर्ण छत्तीसगढ़ के प्राचीन एवं पुरातात्विक धरोहरों को संरक्षित एवं उसके महत्वों का प्रचार-प्रसार किया जाता है। एवं कार्यक्रम का आयोजन कलेक्टर श्री विनीत नंदनवार द्वारा चल रहे अतुल्य दंतेवाड़ा के तहत पर्यटन एवं अन्य पुरातात्विक धरोहरों के संरक्षण और लोगों में इसकी महत्ता जागृत करने हेतु कराया गया। इस कार्यक्रम में ''अनएक्सप्लोर्ड बस्तर'' से जीत सिंह आर्य, मनीष पानीग्राही, अनिरुद्ध सरकार, यशिका बुरका, बी बिंदु, शिखर साहू, बरसूर पर्यटन समिति से शुभम् कुसामी, सुंदर नाग, हेमकुमार भारद्वाज, मधुदरी समरथ एवं विद्यालयों के शिक्षक, खंड शिक्षा अधिकारी सुश्री भावना पुनेम एवं जिला प्रशासन से भुवन जोशी उपस्थित थे।

# ये दबदबा, ये हुकूमत, ये नशा, ये दौलतें सब किरायेदार हैं, घर बदलते रहते हैं




छत्तीसगढ़ की राजनीति में नया राज्य बनने के पहले तथा बाद में कुछ मिथक हर बार चर्चा में रहते हैं। पहला मिथक विधानसभा अध्यक्ष, दूसरा मिथक नेता प्रतिपक्ष,तीसरा मिथक पंचायत मंत्री,चौथा मिथक महिला बाल विकास मंत्री को लेकर है, नया छत्तीसगढ़ राज्य बना तो पहले विधानसभा अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद शुक्ला बने। 2003 को छ्ग के पहले विस चुनाव में वे जीत गये पर कांग्रेस की सरकार नहीं बनी उसके बाद लगातार विधानसभा अध्यक्ष अगला चुनाव हारते आ रहे हैं।भाजपा की पहली सरकार बनी प्रेम प्रकाश पांडे विस अध्यक्ष बने पर 2008 का अगला चुनाव वे हार गये।2008 में धरमलाल कौशिक विस अध्यक्ष बने पर 2013 का अगला चुनाव वे हार गये और 2013 में गौरीशंकर अग्रवाल विस अध्यक्ष बने हैं और अगला2018 का चुनाव वे भी हार गये यानि विस अध्यक्ष हारते हैं तो उस पार्टी की सरकार बनती है।2018 में कांग्रेस की सरकार बनी और डॉ चरणदास महंत विस अध्यक्ष बने,वे इस बार भी चुनाव समर में उतरे हैं।नेता प्रतिपक्ष के साथ ही यही मिथक जुड़ा है कि वे अगला चुनाव हार जाते हैं। छ्ग नया राज्य बना तो नंदकुमार साय पहले नेता प्रतिपक्ष बने पर अगला 2003 का विस चुनाव वे अजीत जोगी से हार गये। 2003 में महेन्द्र कर्मा नेता प्रतिपक्ष बने पर 2008 का विस चुनाव वे हार गये।2008 में रविंद्र चौबे नेता प्रतिपक्ष बने पर 2013 का विस चुनाव वे हार गये उन्हें अपने जीवन में पहली बार चुनाव में पराजय का सामना करना पड़ा था। 2013 में टीएस सिंहदेव को नेता प्रतिपक्ष के पद की जिम्मेदारी दी गई है पर वे चुनाव में इस मिथक को तोड़ते हुए 2018 का चुनाव जीत गये है।2018 के विस चुनाव के बाद नेता प्रतिपक्ष दो लोग बने धरमलाल कौशिक और उनके बाद नारायण चंदेल। नया राज्य बनने के बाद अजीत जोगी के कार्यकाल में अमितेष शुक्ला पंचायत मंत्री बने पर अमितेष शुक्ला अगला चुनाव हार गये। भाजपा की पहली सरकार बनी और अजय चंद्राकर पंचायत मंत्री बने पर उन्हें भी अगले चुनाव में हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद रामविचार नेताम पंचायत मंत्री बने बाद में हेमचंद यादव को पंचायत मंत्री बनाया गया पर 2013 के चुनाव में दोनों हार गये। बाद में अजय चंद्राकर पंचायत मंत्री बने उन्होंने मिथक तोड़ते अगला चुनाव जीता पर सरकार कॉंग्रेस की बनी।नये राज्य में महिला एवं बाल विकास मंत्री भी अगले चुनाव में पराजित हो जाती हैं। अजीत जोगी की सरकार में महिला एवं बाल विकास मंत्री गीता देवी को बनाया गया था पर 2003 का चुनाव और 2004 के उप चुनाव में उन्हें पराजय का सामना करना पड़ा।भाजपा की पहली सरकार में रेणुका सिंह तथा दूसरी सरकार में लता उसेंडी इस पद पर रहीं पर अगले चुनाव में इन्हें भी पराजित होना पड़ा।रमन सिंह की तीसरी सरकार में महिला एवं बाल विकास मंत्री के पद पर रमशीला साहू पदस्थ हुई थी पर,उन्हें तोअगले चुनाव में टिकट ही नहीं दी गई। भूपेश की सरकार में अनिला भेड़िया को महिला एवं बालविकास मंत्री बनाया गया,वे भी इस बार चुनाव समर में हैं?






### मप्र की कार्यवाहक सीएस वीरा राणा रायपुर में भी रह चुकी हैं पदस्थ...



मध्य प्रदेश में नए मुख्य सचिव को लेकर अटकलें तेज हो गई हैं। इस रेस में सबसे आगे 1988 बैच की आईएएस अधिकारी वीरा राणा चल रही हैं। उन्हें चुनाव आयोग ने कार्यवाहक मुख्य सचिव बना दिया है,हालांकि उनके सीएस बनने पर अंतिम मुहर मप्र की नई सरकार लगाएगी।यहाँ यह बताना जरुरी है कि श्रीमती वीरा संजय राणा अविभाजित मप्र में रायपुर में एडीशनल कलेक्टर रह चुकीं हैं तो इनके पति 1986 बैच के आईपीएस संजय राणा रायपुर के पुलिस कप्तान भी रह चुके हैं।दरअसल मप्र के मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस का कार्यकाल 30 नवंबर को समाप्त हो गया।ऐसे में निर्वाचन आयोग ने वरिष्ठ आईएएस वीरा राणा को कार्यवाहक मुख्य सचिव बनाने का आदेश जारी कर दिया है।वीरा राणा 1988 बैच की आईएएस अफसर हैं।वीरा राणा मूल रुप उप्र की रहने वाली हैं अगर राणा पूर्णकलिक मुख्य सचिव बनती हैं तो वे मप्र शासन की दूसरी महिला होंगी जो मुख्य सचिव बनेंगी।इनसे पहले निर्मला बुच मप्र की पहली महिला मुख्य सचिव रह चुकी हैं।इनका कार्यकाल 22 सितंबर 1991 से एक जनवरी 1993 तक था।

### महंगी यात्रा और बार- बार ट्रेन भी होती है रद्द...



पहले कहा जाता था कि रेल की आग (कोयला इंजन)जेल की आग (जेल के भीतर रसोई घर) कभी नहीं बुझती है यानि रेल रोजाना चलती हैऔर जेल की रसोई में भी रोज खाना बनता ही है पर,कोरोना काल में रेल बंद की गई और उसके बाद तो कभी आधुनिकता, कभी सुधार के नाम पर कभी भी रेल बंद कर दी जाती है।कोरोना के बाद कुछ रेलों में यात्री किराया बढ़ाया गया वह अभी भी चल रहा है।बुजुर्गो सहित अन्य वर्गों,महिलाओं को भी यात्रा में दी जाने वाली छूट भी समाप्त कर दी गई, सांसदों, विधायकों की छूट जारी हैज़?छ्ग में ट्रेनें लगातार रद्द हो रही हैं। ट्रेनों के रद्द होने का सिलसिला करीब साल भर से चल रहा है। किसी न किसी कारण से रेलवे लगातार गाड़ियों को रद्द कर रहा है।इसे लेकर राजनीतिक बयानबाजी भी होती रही है पर ट्रेनों के रद्द होने का क्रम बदस्तूर जारी है। छत्तीसगढ़ से बड़ी संख्या में यूपी-बिहार जाने वाले यात्रियों को बड़ा झटका लगा है।उत्तर पूर्व रेलवे की ओर से सारनाथ एक्सप्रेस को 2 दिसम्बर 2023 से 29 फरवरी 2024 के बीच कई तारीखों को रद्द की गई है। रेलवे इसके पीछे की वजह कोहरे की आशंका को बता रहा है। यहाँ यह बताना जरुरी है कि प्रयागराज सीधे जाने वाली सारनाथ एक मात्र रेल है।खैर छ्ग से होकर चलने वाली 18 ट्रनों को भी रद्द किया गया है।यह काम 27 नवंबर 2023 से 23 मार्च 2024 तक किया गया है।इन ट्रेनों के रद्द होने के कारण दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर स्टेशन से उत्तर प्रदेश जाने वाले कई ट्रेनें रद्द रहेगी। इससे रेल यात्रियों कोकाफी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा।सवाल यहीं उठ रहा है कि निम्न,माध्यमवर्गीय लोग क्या करेंगे ज. वह तो टैक्सी या विमान से यात्रा करने में समर्थ नहीं है?

### और अब बस...

- » रायपुर की चारों विस सीटों में जीत-हार को लेकर सबसे अधिक शर्त लगाई गई थी?
- » कांग्रेस में एक युवा आदिवासी नेता भी सीएम बनने का सपना देखने लगे हैं?

---

## एक नजर

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**रायपुर, 3 दिसम्बर।** ग्राम नकटा स्थित पटवारी कार्यालय के पास अज्ञात वाहन की टक्कर बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मामले में मंदिरहसौद पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफअपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक कोमल पटेल 19 वर्ष ग्राम नकटा का रहने वाला था। बबताया जाता है कि वह बाइक से कहीं जा रहा था, तभी पटवारी कार्यालय के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। जिससे कोमल की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं अज्ञात वाहन चालक के खिलाफअपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### कार चालक से मारपीट

**रायपुर, 3 दिसम्बर।** निरंकारी फर्नीचर के पास बाइक सवार दो युवकों ने कार चालक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी नंदकुमार टंडन 33 वर्ष काली मंदिर के पास पंडरी का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी कार से कहीं जा रहा था, तभी निरंकारी फर्नीचर के पास बाइक सवार अज्ञात दो युवक रॉग साइड से आ रहे थे। जिसे प्रार्थी ने ठीक से वाहन चलाने को कहा, तो आरोपियों ने प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया।

### सरेआम शराब पीते 5 गिरफ्तार

**रायपुर, 3 दिसम्बर।** राजधानी पुलिस ने नशेडियों के खिलाफअभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफआबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार गंज पुलिस ने सम्राट टॉकीज के पास सरेआम शराब पीते आरोपी रमेश यादव 32 वर्ष, निहाल यदू 30 वर्ष व टाकेश्वर वैष्णव 37 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं गोलबाजार पुलिस ने आरोपी राहुल खुंटे 23 वर्ष व खरोरा पुलिस ने आरोपी दिनेश सोनवानी 35 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

### छत्तीसगढ़ में दिखेगा चक्रवात का असर

**रायपुर, 3 दिसंबर।** पश्चिमी विक्षोभ और चक्रवात के प्रभाव से छत्?तीसगढ़ में मौसम का मिजाज बदलने वाला है। मौसम विभाग का कहना है कि अधिकतम व न्यूनतम तापमान में विशेष बदलाव नहीं होगा, लेकिन रविवार तीन दिसंबर से प्रदेश में बारिश शुरू होने की संभावना है। विशेषकर बस्तर क्षेत्र में तीन, चार व पांच दिसंबर को बारिश की संभावना है तथा मध्य छ्तीतसगढ़ में चार, पांच और छह दिसंबर को बारिश के आसार है। इसी प्रकार सरगुजा संभाग में भी पांच व छह दिसंबर को बारिश हो सकती है। न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी के चलते अभी कड़ाके की ठंड शुरू नहीं हुई है। हालांकि शहर के लगे ग्रामीण व आउटर क्षेत्रों में रात व सुबह के वक्त अच्छी ठंड पड़ने लगी है। इन दिनों गर्म कपड़ों के स्टालों में ग्राहकों की भीड़ भी शुरू होने लगी है।

---

### राजभवन में मनाया गया असम एवं नागालैंड का स्थापना दिवस

# संस्कृति एवं परंपराओं में विविधता होते हुए भी हम एक हैं : हरिचंदन






**रायपुर, 3 दिसंबर।** राजभवन में आज असम और नागालैंड राज्यों का स्थापना दिवस रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मनाया गया। राज्यपाल श्री विश्वभूषण हरिचंदन ने इस अवसर पर कहा कि हमारे देश के विभिन्न क्षेत्रों में अलग-अलग संस्कृति एवं परंपराए है। इनमे विविधता होते भी हम एक हैं और दुनिया को ''वसुधैव कुटुम्बकम्'' का संदेश दे रहे है।

केन्द्र सरकार के एक भारत-श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के तहत विविधता में एकता की भावना को बढ़ावा देने के लिए सभी राज्य एक दूसरे का स्थापना दिवस मनाते है। इसी कड़ी में राजभवन में असम एवं नागालैंड राज्यों का स्थापना दिवस मनाया गया। राज्यपाल ने स्थापना दिवस के अवसर पर इन राज्यों के लोगों को बधाई दी।

राज्यपाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि इन दो अद्भुत राज्यों के स्थापना दिवस के अवसर पर, हमारे लिए उनके समृद्ध इतिहास, अद्भुत संस्कृति और उनकी आशाओं और सपनों के बारे में अधिक जानना महत्वपूर्ण है। उन्होंने असम और नागालैंड राज्य की विशेषताओं को रेखांकित किया। असम अपने विविध वन्य जीव और सुंदर ब्रहापुत्र नदी, विश्व प्रसिद्ध शक्तिपीठ कामाख्या देवी मंदिर, कांजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान आदि के लिए जाना जाता है। यह राज्य विविध संस्कृतियों का मिलन स्थल है। इसकी एक समृद्ध सांस्कृतिक विरासत भी है जिसमें संगीत, नृत्य, कला और साहित्य शामिल हैं। यहां के चाय की स्फूर्तिदायक खुशबू पूरी दुनिया में फैली है।

श्री हरिचंदन ने कहा कि खूबसूरत पहाड़ों के बीच बसे नागालैंड को पूर्व का स्विट्जरलैंड कहा जाता है। जीवंत रंगों और बहादुरी की कहानियों से भरे इस राज्य में जीवन का जश्न मनाने का मन करता है। नागालैंड कई जनजातियों का राज्य है, जिनमें से प्रत्येक की अपनी अनूठी संस्कृति और परंपराएं हैं। नागा लोगों की ताकत और दृढ़ संकल्प उनकी एकता और सरलता में देखी जा सकती है।

श्री हरिचंदन ने आगे कहा कि असम और नागालैंड अलग-अलग संस्कृति और अतीत वाले दो राज्य हैं। लेकिन दोनों राज्यों के निवासी प्रगति और विकास की समान रूप से आकांक्षा रखते है। इस स्थापना दिवस का जश्न हमारे राष्ट्र के प्रति उनके द्वारा किए गए महत्वपूर्ण योगदान को याद करने का भी एक अवसर है। कार्यक्रम में असम राज्य के प्रतिनिधि के रूप में श्री रफिकुल मंडल और नागालैंड की प्रतिनिधि श्रीमती रंजना दास ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर असम के बिहु नृत्य सहित दोनों राज्यों के लोकनृत्यों की रंगारंग प्रस्तुति विभिन्न विश्वविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने की। सीआरपीएफ के असमिया जवानों ने बिहु नृत्य कर सभी अतिथियों को भाव विभोर कर दिया। दोनों राज्य के प्रतिनिधियों को राज्यपाल ने राज गमछा पहनाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने भी राज्यपाल को शाल पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन राजभवन के उप सचिव श्री दीपक अग्रवाल ने दिया। कार्यक्रम में राज्यपाल के सचिव श्री अमृत खलखो, दोनों राज्यों के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

---

## बड़ी वारदात को अंजाम देने से पहले उत्तर प्रदेश के दो बदमाश गिरफ्तार

**रायपुर, 3 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ के गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले में उत्तरप्रदेश के दो गैंगस्टर गिरफ्तार किये गए हैं, इनके बारे में आशंका थी कि, ये छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में जाकर कोई बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे। आरोपियों के पास से देशी कट्टा समेत कारतूस भी बरामद किया गया है।

गौरेला पुलिस और आबकारी विभाग ने पीपरखूंटी में चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध मोटरसाइकिल को रुकवाकर जब उसकी तलाशी ली तो इनमें से दो लोगों के पास एक देसी कट्टा, चार जिंदा कारतूस सहित एक वॉकी टॉकी का भी सेट मिला। जिस पर पुलिस ने तत्काल घेराबंदी करते हुए इन दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया और पूछताछ में इन्होंने बताया कि रायपुर कट्टा और कारतूस को बेचने जा रहे थे हालांकि पुलिस इस बयान पर यकीन नहीं करते हुए आगे तफ्तीश शुरू कर दी है।

जिले के पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए बताया कि, दोनो आरोपियों में से एक उत्तरप्रदेश के कौशांबी का रहने वाला संतोष मिश्रा और दूसरा प्रयागराज का रहने वाला राजेश अग्रवाल है, जो कि रायपुर जाकर किसी वारदात को अंजाम देने की फ़िराक में थे। जिस बाइक में आरोपी जा रहे थे वह बाइक भी चोरी की निकली है, जिसे उत्तर प्रदेश के प्रयागराज से चोरी किया गया था। वहीं वॉकी-टॉकी की रेंज ढाई किलोमीटर आपस में संपर्क करने वाली थी। पुलिस दोनों आरोपियों के बारे में उत्तरप्रदेश की पुलिस के संपर्क कर और भी जानकारी जुटाने में लगी हुई है। आरोपियों के ऊपर उत्तरप्रदेश के प्रयागराज थाने में दो मामले दर्ज होने की बात शुरुआती तफ्तीश में सामने आयी है। फिलहाल दोनों आरोपियों को आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

### आपसी रंजिश के चलते युवक पर हंसिया से हमला

**रायपुर, 3 दिसम्बर।** गाम चरोदा में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक ने दूसरे युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर धरसींवाा पुलिस ने आरोपी के खिलाफअपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी धनंजय मानिकपुरी 20 वर्ष ग्राम चरौदा का रहने वाला है। बताया जाता है कि आरोपी हेमंत सागवंशी ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर हसिया से मारकर चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर धरसींवा पुलिस ने आरोपी के खिलाफधारा 294, 506, 323 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

---

## जंगल सफारी का हिरण बाड़ा पर्यटकों के लिए बंद

**रायपुर, 3 दिसंबर।** राजधानी रायपुर के जंगल सफारी में पांच दिनों में 17 हिरणों (चौसिंगा) की मौत होने से हड़कंप मचा हुआ है। अब प्रबंधन ने संक्रमण के डर से पर्यटकों के लिए हिरण बाड़े को बंद कर दिया है, जबकि पर्यटक जू और सफारी के अन्य बाड़ों में घूम सकते हैं। मरने वाले हिरणों की उम्र तीन माह से तीन वर्ष थी। दूसरी ओर अभी तक पता नहीं चल पाया है कि हिरणों की मौत किस वजह से हुई है। जंगल सफारी के सह संचालक वायके डहरिया ने शनिवार को जानकारी देते हुए बताया कि सफारी के सभी वन्यप्राणियों की जांच हो रही है। ऐहतियात के तौर पर हिरण बाड़े को ग्रीन नेट से घेराबंदी कर दिया गया, ताकि अन्य वन्यप्राणी बैक्टीरिया की चपेट में आने से बच सके। हालांकि मौत की वजह जानने के लिए हिरणों का बिसरा और खून जांच के लिए सैंपल आइवीआरआइ बरेली (उप्र) और देहरादून और अंजोरा (दुर्ग) के लैब भेजा है, लेकिन तीनों लैब से अभी तक पुष्टि नहीं हो पाई है कि आखिर इन हिरणों की मौत कैसी हुई है, जबकि वन अधिकारियों का




कहना है कि हिरणों की मौत संक्रमण फैलने से हुई है। रिपोर्ट का इंतजार है। उसके आने के बाद ही पुष्टि हो पाएगी, हिरणों की मौत किस कारण से हुई है। उल्लेखनीय है कि चौसिंगा की मौत मामले में शुक्रवार को चीफवाइल्ड लाइफ वार्डन सुधीर अग्रवाल जंगल सफारी पहुंचे। उन्होंने सफारी प्रबंधन से चौसिंगा की मौत की वजह जानने के अलावा अब तक की कार्रवाई के बारे में जानकारी ली। उनके मुताबिक शाकाहारी वन्यजीवों के बाड़े में घास की ज्यादा पैदावार करने के लिए हाल-फिलहाल में वहां पर नई मिट्टी डाली गई थी। आशंका है कि उस नई मिट्टी में मौजूद बैक्टीरिया से चौसिंगा की मौत हुई होगी।

## चेंबर जल्द ही प्रत्येक जिले से सदस्य नामित करेगा

**रायपुर, 3 दिसम्बर।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफकॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव,राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि आज दिनांक 01-12-2023 को राज्यस्तरीय साथी परियोजना का क्रियान्वयन प्रारंभ करने के दृष्टिकोण से एक महत्वपूर्ण वर्चुवल बैठक दोपहर 3:00 बजे आहुत की गयी। बैठक में चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष श्री अमर पारवानी जी एवं छत्तीसगढ़ चैम्बर ऑफ कॉमर्स के समस्त जिलों के प्रमुख पदाधिकारी गण एवं डॉ विवेक त्रिपाठी इंदिरा गॉधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर, डॉक्टर गजेंद्र चंद्राकर, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं नोडल ऑफिसर साथी प्रोजेक्ट इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर, संजय सिंह छत्तीसगढ़ राज्य प्रमुख नाफेड, मनीष शाह नेशनल कोऑर्डिनेटर फीफा साथी टेक्नोप्रनर प्राइवेट लिमिटेड दिल्ली, अनुराग लाल स्टेट हेड छत्तीसगढ़ फीफा साथी टेक्नो फ्रून्स, डॉक्टर अनुराग तोमर दिन कृषि महाविद्यालय महासमुंद, छत्तीसगढ राज्य बीज एवं कृषि विकास लिमिटेड के अधिकारी प्रमुख रूप से शामिल हुये।



चेंबर प्रदेश अध्यक्ष श्री पारवानी जी ने बैठक की जानकारी देते हुए बताया कि देश के कृषकों की आय दोगुना करने, आत्म निर्भर भारत को बढावा देने तथा मेक इन इंडिया को बढावा देने के दृष्टिकोण से साथी परियोजना संपूर्ण छत्तीसगढ़ में केन्द्र एवं राज्य सरकार के सहयोग से प्रारम्भ की गई है। योजनान्तर्गत राज्य के प्रत्येक जिले मे तीन से पॉच एकड़ भूमि में साथी बाजार स्थापित किये जाएँगे। साथी बाजार के संचालन हेतु 13 जिलों में भूमि चिन्हांकन का कार्य किया जा चुका है। साथी बाजार संचालन हेतु प्रत्येक जिले मे दस हजार महिलाओ का किसान उत्पादक कंपनी का गठन राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोग से किया जाएगा। प्रत्येक साथी बाजार मे मॉडर्न रिटेल आउटलेट, फूड कोर्ट, एंटरटेनमेन जोन, एग्री मॉल, कृषि सहायता केन्द्र, माइक्रो फाइनेंस, इंन्श्योरेंस सेंटर, ट्रेनिंग सेंटर, दराज बाजार, ब्यूटीपार्लर, टेली मेडिसिन सेंटर, जेनरिक मेडिसिन सेंटर, संजीवनी केन्द्र, डेयरी फेडरेशन, प्याज संग्रहण यूनिट, कोल्ड स्टोरेज (5000 मीट्रिक टन), मिनी थियेटर एवं स्थानीय उद्यम तथा अन्य उद्यम छत्तीसगढ चैम्बर ऑफ कॉमर्स के सहयोग एवं मार्गदर्शन मे खोले जाएँगे। परियोजना अंतर्गत सभी व्यवसाय प्रारम्भ करने हेतु राज्य के उद्यमियों, स्टार्टअप, स्वसहायता समूह एवं व्यवसायियो को प्राथमिकता दी जाएगी। योजना के व्यापक प्रचार प्रसार हेतु सभी संभागो मे छत्तीसगढ चैम्बर ऑफ कॉमर्स के सहयोग से कार्यशाला का आयोजन किया जायेगा जिसकी तिथि की घोषणा शीघ्र ही की जाएगी।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23